कोटद्वार, मंगलवार
12 अगस्त 2025
वर्षः 47
अंकः 101 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

**एक नजर**

### केदारनाथ यात्रा तीन दिन के लिए स्थगित

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के पूर्वानुमान के अनुसार 12, 13 और 14 अगस्त को राज्यभर सहित जनपद रुद्रप्रयाग में भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। इस चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी विभागों को सतर्क और अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। वार्निंग सिस्टम का परीक्षण किया गया है और नदी किनारे रहने वाले लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई है। सुरक्षा के दृष्टिगत केदारनाथ धाम की यात्रा अगले तीन दिनों के लिए अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई है। सभी राष्ट्रीय राजमार्गों के डेंजर जोनों में 24 घंटे जेसीबी व पोकलैंड मशीनें तैनात की गई हैं, ताकि मार्ग बाधित होने पर तुरंत खोलने की कार्रवाई हो सके। साथ ही पुलिस, लोक निर्माण विभाग और आपदा प्रबंधन टीमों को लगातार अलर्ट रहने के निर्देश दिए गये है। जिलाधिकारी ने बताया कि नदी के जल स्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और विभिन्न माध्यमों से लोगों को मौसम की जानकारी व अलर्ट जारी किया जा रहा है। ये सभी कदम श्रद्धालुओं और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाए गए हैं।

### भारी बारिश के बीच जलाभिषेक को पहुंचे शिवभक्त

ऋषिकेश। सावन माह के सोमवार को श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। भारी बारिश के बीच बड़ी संख्या में शिवभक्त जलाभिषेक को पहुंचे। नीलकंठ महादेव मंदिर में भी दिनभर जलाभिषेक का सिलसिला चला। सावन के सोमवार को तड़के से ही शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ देखने को मिली। नीलकंठ मंदिर क्षेत्र शिवभक्तों से अटा रहा। नीलकंठ मोटरमार्ग पर बम–बम भोले के जयघोष गूंजते रहे।। श्रद्धालुओं ने नीलकंठ महादेव मंदिर में पहुंचकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। बारिश में भी शिवभक्त जलाभिषेक के लिए लाइन में लगे रहे। नीलकंठ मंदिर प्रशासन के अनुसार सोमवार को श्रद्धालुओं ने मंदिर में जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं ऋषिकेश के शिवालयों में भी श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर गंगाजल, बेलपत्र, दूध, दही, शहर, भांग व धतूरा आदि सामग्री चढ़ाकर पूजा–अर्चना की। शिव मंदिरों के अलावा अन्य आश्रमों व मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की।

### कुल्हाल के पास सड़क किनारे पड़ा मिला व्यक्ति का शव

विकासनगर। पुलिस ने कुल्हाल पावर हाउस के पास सड़क किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव को शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखा गया है। चौकी प्रभारी कुल्हाल विकसित पंवार ने बताया कि सुबह ग्यारह बजे स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि कुल्हाल पावर हाउस के बंद गेट के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल उपजिला चिकित्सालय विकासनगर भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया कि आसपास के लोगों से शिनाख्त कराई गई, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। बताया कि मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 साल के बीच लग रही है। मृतक का रंग गोरा है और गले व हाथ में काला धागा बंधा हुआ है। बताया कि प्राथमिक जानकारी से पता चला कि मृतक यमुनानगर से बस में बैठकर पांवटा आया हुआ था।

### मनसा देवी भगदड़: 15 दिन बाद भी जांच अधूरी

हरिद्वार। मनसा देवी मंदिर में 27 जुलाई को मची भगदड़ को पंद्रह दिन बीत चुके हैं, लेकिन जांच अभी पूरी नहीं हो पाई है। इस हादसे में नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जबकि कई लोग घायल हुए थे। घटना के बाद से ही प्रशासनिक टीम साक्ष्य जुटाने और गवाहों के बयान दर्ज करने में लगी है, लेकिन जांच अधिकारी का कहना है कि अभी कई अहम बिंदुओं पर काम बाकी है।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया संसद में नया इनकम टैक्स बिल

नई दिल्ली ,केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा में इनकम टैक्स बिल, 2025 का रिवाइज्ड वर्जन पेश किया, जिसमें भाजपा नेता बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली संसदीय चयन समिति द्वारा की गई अधिकांश सिफारिशों को शामिल किया गया है। लोकसभा में विधेयक पेश करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिन्हें सही विधायी अर्थ प्रदान करने के लिए शामिल किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा, ड्राफ्टिंग के नेचर, वाक्यांशों के अलाइनमेंट, परिणामी परिवर्तनों और क्रॉस रेफरेंसिंग में सुधार किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि भ्रम से बचने के लिए पहले वाले बिल को वापस ले लिया गया था। उन्होंने कहा कि रिवाइज्ड बिल निष्पक्षता और स्पष्टता में सुधार करेगा और कानून को मौजूदा प्रावधानों के अनुरूप बनाएगा। नए ड्राफ्ट का उद्देश्य सांसदों को एक सिंगल, अपडेटेड वर्जन प्रदान करना है, जो सभी सुझाए गए परिवर्तनों को दर्शाता है।



अपडेटेड इनकम टैक्स बिल 2025 में संसदीय चयन समिति के 285 सुझाव शामिल हैं। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रियाओं को सरल बनाना और पिछली कमियों को दूर करना है, जिससे देश में आयकर परिदृश्य में संभावित रूप से बदलाव आ सकता है। पिछले सप्ताह, इनकम टैक्स बिल, 2025 को सरकार ने औपचारिक रूप से वापस ले लिया, जिसे 13 फरवरी को लोकसभा में मौजूदा आयकर अधिनियम, 1961 के स्थान पर पेश किया गया था।

### 65 साल का सौतेला नाना बना हेवान , नातिन से करता रहा दुष्कर्म

काशीपुर। 65 वर्षीय एक सौतेले नाना द्वारा नाबालिग नातिन के साथ लगातार दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। किशोरी ने एक पुत्री को जन्म दिया, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने रविवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके बड़े भाई की पत्नी अपने बच्चों को छोड़कर चली गई थी। पांच वर्ष पहले उसके भाई ने जसपुर के एक मोहल्ला निवासी युवती से दूसरी शादी कर ली और जसपुर में ही किराए के मकान में रहने लगा। उसकी 15 वर्षीय बेटी उसके साथ रहती थी। सौतेली नानी की तबीयत खराब रहने के कारण उसका सौतेला नाना किशोरी को अपने घर ले गया। आरोप है कि उसने डरा–धमकाकर किशोरी से शारीरिक संबंध बनाए। बीती 9 अगस्त को किशोरी ने अपने परिजनों को आपबीती बताई। प्रभारी कोतवाल जावेद मलिक ने बताया कि तहरीर पर मामले में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। नाबालिग ने पुत्री को जन्म दिया, आरोपी ने दूसरे को गोद दिया जसपुर। बताते हैं कि लगातार संबंध बनाने के बाद किशोरी गर्भवती हो गई। चार–पांच दिन पहले उसने एक पुत्री को जन्म दिया। इसको आरोपी सौतेले नाना ने किसी को गोद दे दिया। किसी को बताने पर उसने किशोरी को जान से मारने की धमकी दी।

## राज्य सरकार आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : धामी

### आयुर्वेद मानवता को मिला सबसे मूल्यवान उपहार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रत्येक जनपद में एक-एक मॉडल आयुष गांव विकसित किया जा रहा है। साथ ही नए योग एवं वेलनेस केंद्र भी विकसित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयुष विभाग की कॉफी टेबल बुक और विज्ञान भारती के विज्ञान विधार्थी मंथन प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन करने के साथ ही आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए कई लोगों को सम्मानित किया।

सोमवार को ओल्ड राजपुर स्थित एक होटल में 10वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो के प्रोसेडिंग विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि देवभूमि उत्तराखंड 10वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो का आयोजन करने में सफल रहा, साथ ही अब हम उस ऐतिहासिक आयोजन की स्मृतियों और उपलब्धियों



को संजोने के लिए प्रोसिडिंग का विमोचन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये मात्र एक दस्तावेज नहीं बल्कि ज्ञान, अनुभव और गहन विचार-विमर्श का सार तत्व है, जो आने वाले वर्षों में आयुर्वेद के क्षेत्र में अनुसंधान, नीति-निर्माण और जन स्वास्थ्य की दिशा तय करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने विज्ञान भारती के विज्ञान विद्यार्थी मंथन की सराहना करते हुए कहा कि ये न केवल हमारे युवाओं में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, अनुसंधान की प्रवृत्ति और नवाचार की क्षमता को विकसित करने की एक सशक्त पहल है, बल्कि भावी पीढ़ी को जिज्ञासु, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने का एक व्यापक अभियान भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुर्वेद विश्व की एक ऐसी विशिष्ट चिकित्सा प्रणाली है जो प्राचीन काल से ही मानव सभ्यता का आरोग्य सुनिश्चित करती आ रही है। आयुर्वेद मात्र बाह्य रोगों को ही नहीं बल्कि हमारी बुद्धि और हमारी इन्द्रियों से जुड़े हुए आंतरिक विकारों को भी ठीक करता है। आयुर्वेद के इसी समग्र दृष्टिकोण के कारण आज इसकी स्वीकारिता लगातार बढ़ती जा रही है। आयुर्वेद मानवता को मिला सबसे मूल्यवान उपहार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड प्राचीन काल से ही आयुर्वेद और औषधीय संपदा की प्रज्ञा भूमि रही है। हमारे पर्वतीय अंचल में पाई जाने वाली औषधीय जड़ी-बूटियों ने आयुर्वेद को आरोग्य के आधारभूत तत्व के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसलिए इस प्रकार का आयोजन हमारे प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मौके पर विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ शिव कुमार, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कंडवाल, आरएसएस के प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र, सचिव दीपेंद्र चौधरी, निदेश-क आयुष विजय जोगदंडे, प्रो. अनूप ठक्कर, चन्द्रशेखर नय्यर, डॉ. वी. के अशोक, प्रो. के डी पुरोहित आदि मौजूद थे।

## सांसदों को तोहफा, पीएम मोदी ने किया 184 नए फ्लैट्स का उद्घाटन

नई दिल्ली ,। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को नई दिल्ली के बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए बनाए गए 184 नए बहुमंजिला फ्लैट का उद्घाटन किया। ये सभी फ्लैट टाइप– श्रेणी के हैं।

यह कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे शुरू हुआ। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और किरेन रिजिजू भी शामिल हुए। उद्घाटन समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आवासीय परिसर में सिंदूर का एक पौधा भी लगाया। इसके साथ ही वे वहां काम करने वाले श्रमिकों (श्रमजीवियों) से भी मिले और उनके योगदान की सराहना की। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, हर नया फ्लैट लगभग 5,000 वर्ग फुट के कारपेट एरिया में बना है। इन फ्लैटों का डिज़ाइन ऐसा है कि सांसद अपने घर से ही अपने आधिकारिक और सार्वजनिक कार्य आसानी से कर सकें। इस परिसर में सांसदों के आवास के साथ–साथ कार्यालय, कर्मचारियों के



लिए आवास और एक सामुदायिक केंद्र भी शामिल है। यह सभी सुविधाएं मिलकर यहां रहने वालों के लिए एक आत्मनिर्भर वातावरण तैयार करती हैं। इसका बुनियादी ढांचा आधुनिक मानकों के अनुसार तैयार किया गया है। सभी इमारतें भूकंपरोधी हैं और उनमें आधुनिक संरचनात्मक सुरक्षा सुविधाएं मौजूद हैं। सिर्फ इमारतों की मजबूती ही नहीं, बल्कि परिसर की सुरक्षा व्यवस्था भी बेहद मज़बूत और व्यापक है, जिससे सभी निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह परिसर सांसदों की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, यह परिसर दिव्यांगजनों के लिए भी अनुकूल है, जो समावेशी डिज़ाइन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सीमित ज़मीन की उपलब्धता को देखते हुए, भूमि का अधिकतम उपयोग करने और रखरख-ाव की लागत को कम रखने के लिए आवासों का निर्माण किया गया है।

### कुंडेश्वर दर्शन को जाते समय श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी, सात की मौत

नई दिल्ली ,महाराष्ट्र के पुणे के खेड़ तालुका में सोमवार को दर्दनाक सड़क हादसे में 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। बताया जा रहा है यहां कुंडेश्वर दर्शन को जाते समय श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलट गई, जिसमें 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा घायल हो गए। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।वहीं हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया और घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना की। इसके साथ ही सरकार ने हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने पीएम मोदी के हवाले से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, महाराष्ट्र के पुणे में हुई एक दुर्घटना में हुई जान–माल की हानि से दुखी हूं। इस दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## चार चुनाव अधिकारियों के निलंबन से बंगाल सरकार का इन्कार

### चुनाव आयोग व ममता सरकार में ठनी

कोलकाता ,बंगाल सरकार ने चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोपी चार अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश का अभी तक पालन नहीं किया है। राज्य सरकार ने अपना रुख नरम करते हुए दो अधिकारियों को मतदाता सूची तैयार करने या चुनाव कार्य से रणनीतिक रूप से हटा दिया है। राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत ने आज मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज अग्रवाल को एक पत्र लिखा। आयोग ने जिन चार अधिकारियों को निलंबित करने की सिफ़ारिश की है, वे हैं बरुईपुर पूर्व (137) विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ देबोत्तम दत्ता चौधरी और सहायक ईआरओ तथागत मंडल। और मैना विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ बिप्लब सरकार और एआईआरओ सुदीप्त दास। इन चार अधिकारियों के अलावा, आयोग ने फॉर्म–6 प्रसंस्करण में शामिल एक आकस्मिक



डेटा एंट्री ऑपरेटर सुरजीत हलदर के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज करने की सिफ़ारिश की है। चुनाव आयोग को लिखे एक पत्र में, राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत ने आज कहा कि चारों अधिकारियों और एक डाटा एंट्री कर्मचारी के खिलाफ अभी तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। हालांकि, राज्य सचिवालय नवान्न ने उन्हें निलंबित किए बिना आंतरिक जांच शुरू कर दी है। मनोज पंत ने आयोग को लिखे पत्र में बताया कि ज़िला या ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के पास कई ज़िम्मेदारियां होती हैं – चुनाव कार्यों के अलावा, उन्हें समय के साथ कई प्रशासनिक कार्य भी करने होते हैं। परिणामस्वरूप, कई बार कुछ ज़िम्मेदारियां अधीनस्थ कर्मचारियों को भरोसे के आधार पर सौंप दी जाती हैं। मुख्य सचिव का यह तर्क कि इतने लंबे समय तक पूरी लगन और कुशलता से अपने कर्तव्यों का पालन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ विस्तृत जांच से पहले कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करना उचित नहीं होगा, बहुत कठोर लग सकता है। इससे न केवल आरोपियों का, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों का भी मनोबल गिर सकता है। पत्र में यह भी कहा गया है कि फिलहाल, तमलुक ब्लॉक के पीएओ और मैना निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी सुदीप्त दास और बरुईपुर पूर्व निर्वाचन क्षेत्र के डाटा एंट्री ऑपरेटर सुरजीत हलधर की चुनाव ड्यूटी वापस ले ली गई है।

## परमाणु हथियारों की धमकी देना पाकिस्तान की पुरानी चाल

**• भारत ने दिया पड़ोसी की गीदड़भभकी का जवाब**

नई दिल्ली ,पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के परमाणु बम को लेकर दी गई धमकी पर भारत की तीखी प्रतिक्रिया आई है। भारत ने आसिम मुनीर के परमाणु धमकी वाले बयान की निंदा करते हुए गैर–जिम्मेदाराना बताया। उन्होंने कहा कि परमाणु हथियारों की धमकी देना पाकिस्तान की पुरानी चाल है।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर आसिम मुनीर की निंदा की। प्रवक्ता ने बयान में कहा, हमारा ध्यान पाकिस्तान के सेना प्रमुख द्वारा अमेरिका यात्रा के दौरान दिए गए एक बयान की ओर गया है। परमाणु हथियारों की धमकी देना पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है।

उन्होंने कहा, इस तरह के गैर–जिम्मेदाराना बयान अंतरराष्ट्रीय समुदाय



को पाकिस्तान के परमाणु कमांड और नियंत्रण की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने के लिए मजबूर करते हैं, खासकर जब वहां की सेना आतंकवादी समूहों के साथ मिलकर काम करती है। विदेश मंत्रालय ने कहा, यह खेदजनक है कि ये टिप्पणियां एक मित्र देश (अमेरिका) की धरती से की गईं। भारत पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाता रहेगा। आसिम मुनीर का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण रिश्तों को लेकर वैश्विक स्तर पर चर्चा हो रही है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने परमाणु बम को लेकर भारत को धमकी दी थी। उन्होंने अपने बयान में कहा था, इस्लामाबाद को भारत से अस्तित्व का खतरा महसूस हुआ, तो वह आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। बता दें कि पिछले कुछ महीनों में आसिम मुनीर का यह दूसरा अमेरिका दौरा है। इससे पहले वह जून में वॉशिंगटन गए थे, जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें व्हाइट हाउस में लंच पर आमंत्रित किया था। हालांकि, इस यात्रा के दौरान मुनीर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए गए थे। मुनीर पर मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप लगाए गए और उन्हें 'पाकिस्तानियों का कातिल तथा 'इस्लामाबाद का कातिल् जैसे नारों से निशाना बनाया गया था।

### भूपेश बघेल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

रायपुर , छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने बघेल की याचिका पर विचार करने से इंकार किया और उन्हें हाईकोर्ट जाने की नसीहत दी। जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि इस प्रावधान में कोई खामी नहीं है। अगर इसका दुरुपयोग हो रहा है तो पीड़ित व्यक्ति हाईकोर्ट जा सकता है। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) की कार्रवाई और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में श्वष्ठ की आगे की जांच करने की शक्ति को चुनौती दी थी। बघेल ने मांग की थी कि क्करूक्र की धारा 44 (स्क्व्ह्लद्बशठ्ठ 44 शद्व क्करूक्र) को 'रीड डाउनझ् किया जाए। उन्होंने कहा था कि पहली शिकायत दर्ज होने के बाद श्वष्ठ को सिर्फ विशेष परिस्थितियों में, अदालत की अनुमति और जरूरी सुरक्षा उपायों के साथ ही आगे जांच करने का अधिकार होना चाहिए।

## लगातार हो रही बारिश के चलते अधिकारी अलर्ट मोड़ पर रहे

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिले में बीती 6 अगस्त को विभिन्न स्थानों में आई प्राकृतिक आपदा से 338 गांव प्रभावित हुए है। आपदा से भवनों की आंशिक और पूर्ण रूप से क्षति होने के साथ कुछ पशुओं की मृत्यु भी हुई। अतिवृष्टि से बाधित हुए अधिकांश मोटर मार्गो को यातायात के लिए खोल दिया गया है। वहीं, क्षतिग्रस्त पेयजल एवं विद्युत लाइनों की मरम्मत कर अस्थायी तौर पर आपूर्ति बहाल की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि आपदा से किसी व्यक्ति के आवास और गौशाला पर संकट की स्थिति में तत्काल प्रभावित को शिफ्ट करने और राहत सामग्री देने के निर्देश दिए गए हैं। लगातार हो रही बारिश के चलते अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश भी दिए गए हैं।प्रशासन ने अभी तक प्रभावित परिवारों को लगभग 50 लाख रुपये की वित्तीय राहत सहायता दी। साथ ही प्राथमिक सर्वेक्षण में जिले में 136 भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र चिह्नित किए गए हैं। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि जिले में बीते दिनों हुई अतिवृष्टि से बाधित हुए अधिकांश मोटर मार्गों को यातायात के लिए खोल दिया गया है। वहीं, क्षतिग्रस्त पेयजल एवं विद्युत लाइनों की मरम्मत कर अस्थायी तौर पर आपूर्ति बहाल की गई है। बताया कि जिले में आपदा से जल निगम और जल संस्थान की 70 पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त हो गयी थी, जिनमें से 64 योजनाओं से अस्थायी रूप से पेयजल आपूर्ति बहाल की गयी हैं। अतिवृष्टि से जिले में ऊर्जा निगम की 33 केवी की 520 मीटर, 11 केवी की लगभग साढ़े 3390 मीटर और 5580 मीटर एलटी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसमें 140 वोल्ट क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिससे 163 गांवों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई थी। बताया कि अभी तक 158 गांवों में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

## तकनीकी खराबी और खराब मौसम के बाद एयर इंडिया फ्लाइट की करवाई आपात लैंडिंग, पांच सांसद थे सवार



नई दिल्ली ,तिरुवनंतपुरम से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की एक उड़ान को तकनीकी खराबी और खराब मौसम के चलते चेन्नई डायवर्ट करना पड़ा। विमान में पांच सांसद – केसी वेणुगोपाल, कोडिक्कुनिल सुरेश, अडूर प्रकाश, के. राधाकृष्णन और रॉबर्ट ब्रूस – सवार थे। विमान ने चेन्नई एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की।कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सझ् पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि उड़ान की शुरुआत ही विलंब से हुई थी। कुछ देर बाद भारी टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा। करीब एक घंटे बाद कैप्टन ने फ्लाइट सिग्नल फॉल्ट की घोषणा की और विमान को चेन्नई की ओर मोड़ दिया गया। वेणुगोपाल के मुताबिक, विमान चेन्नई के ऊपर करीब दो घंटे तक चक्कर लगाता रहा और पहली लैंडिंग के प्रयास के दौरान कैप्टन को विमान ऊपर खींचना पड़ा। उनका दावा है कि रनवे पर उस समय एक अन्य विमान मौजूद था। हालांकि, दूसरी कोशिश में फ्लाइट ने सुरक्षित लैंडिंग कर ली। उन्होंने कहा, कुशलता और भाग्य ने हमें बचा लिया। यात्रियों की सुरक्षा भाग्य पर निर्भर नहीं हो सकती। नागरिक उड्डयन मंत्रालय को इसकी जांच कर जवाबदेही तय करनी चाहिए।

एयर इंडिया ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि चेन्नई की ओर मोड़ना संदिग्ध तकनीकी समस्या और खराब मौसम के कारण एक एहतियाती कदम था। पहली लैंडिंग के प्रयास के दौरान चेन्नई एटीसी ने गो–अराउंड का निर्देश दिया था, न कि रनवे पर किसी अन्य विमान की मौजूदगी के कारण। एयरलाइन ने कहा कि पायलट प्रशिक्षित हैं और मानक प्रक्रियाओं का पालन किया गया। कंपनी ने यात्रियों से हुई असुविधा पर खेद जताया और सुरक्षा को सवोच्च प्राथमिकता बताया।

### झोलाछाप डॉक्टर के उपचार के बाद महिला की मौत

रुड़की। नन्हेड़ा अन्नतपुर गांव में झोलाछाप डॉक्टर से उपचार कराने गई महिला की हालत अचानक बिगड़ गई। परिजन आनन फानन में महिला को भगवानपुर अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मतृ घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

पुलिस के अनुसार रविवार देर शाम नंहेडा अन्नतपुर गांव निवासी 36 वर्षीय कीर्ति गांव में ही मौजूद एक डॉक्टर से चर्म रोग की दवाई लेने गई थी। डॉक्टर ने महिला को दवाई देकर वापस घर भेज दिया। जहां महिला की हालत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद परिजन आनन फानन में महिला को लेकर भगवानपुर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर मिक्सर मशीन की टक्कर में पांच की मौत, एक घायल

श्रावस्ती ,थाना हरदत्त नगर गिरन्ट क्षेत्र अन्तर्गत राखी बांधकर मोटरसाइकिल से घर वापस लौट रहे एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई जबकि एक महिला गंभीर रूप से चोटिल हो गयी जिसका इलाज जिला अस्पताल भिनगा में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार थाना हरदत्त नगर गिरन्ट क्षेत्र के पुलिस चौकी हरबंशपुर अन्तर्गत नवाबगंज की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर मिक्सर मशीन व शंकरपुर चौराहा की तरफ से एक ही मोटरसाइकिल पर सवार 6 लोगों की आपस में भिड़ंत हो गयी। जिससे 4 लोगों की ट्रैक्टर मिक्सर मशीन चढ़ने से मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक महिला सहित एक 1 वर्षीय बच्ची घायल हो गई। इलाज के दौरान बच्ची की भी मौत हो गयी।



घटना के सम्बन्ध में थाना अध्यक्ष महिमा नाथ उपाध्याय ने बताया कि बहराइच जनपद के थाना रिसिया क्षेत्र के मंगल पुरवा निवासी 32 वर्षीय विजय कुमार पुत्र भगोले व उनकी पत्नी 28 वर्षीय सुनीता पत्नी विजय कुमार, 30 वर्षीय नीतू पुत्री लक्ष्मन, 9 वर्षीय ज्ञानवती पुत्री लक्ष्मन तथा 1 वर्षीय मधू पुत्री विजय कुमार मोटरसाइकिल से रूपैडिहा थाना क्षेत्र मध्यनगरा अपने बहन को उसके ससुराल छोड़ने जा रहे थे। किन्तु मोटरसाइकिल पर आगे बैठी लड़की और लदे बैग अचानक मोटरसाइकिल स्टेरिंग हाईंटिल को रोक दिया वैसे ही मोटरसाइकिल और सामने से आ रही ट्रैक्टर मिक्सर मशीन में आमने–सामने भिड़ंत हो गई। मोटरसाइकिल नीचे आते ही खौफ में आए ट्रैक्टर मिक्सर मशीन चालक जब तक समझ पाता तब–तक टैक्टर मिक्सर मशीन चार लोगों को रौंदा हुआ आगे बढ़ गया। जिससे मौके पर ही चार लोगों की मौत हो जबकि मृतक विजय कुमार की पत्नी सुनीता झटके से व एक वर्षीय बच्ची सड़क पर दूर जा गिरी जहां इलाज के दौरान बच्ची की भी मौत हो गयी।

# सम्पादकीय

## खतरे में भविष्य!

उत्तराखंड में इस बार बारिश ने जो अपना रौद्र रूप दिखाया है उस से सभी हैरान है और कहीं ना कहीं डरे हुए भी हैं। डर इसलिए क्योंकि प्रकृति अपना विनाशकारी रूप दिखा रही है और जो कुछ भी उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र में देखने को मिला है वह रोंगटे खड़े कर देने के लिए काफी है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ पहाड़ ही प्राकृतिक विपदा से जूझ रहे हैं बल्कि मैदानी क्षेत्रों में तो स्थिति और भी अधिक भयावह बनी हुई है। हरिद्वार से लेकर देहरादून और ऋषिकेश तक नदियां विकराल रूप धारण कर चुकी है और नदी नाले अपनी हदों को पार करते हुए विध्वंस मचा रहे हैं। विकास का दंभ भरने वाली राजधानी किस प्रकार से जलमग्न हो रही है यह सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे सैकड़ो वीडियो को देखकर पता चल सकता है। मुख्य मार्ग से लेकर आईटी पार्क और दूसरे गली मोहल्ले में सड़कों पर नदियां बह रही हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि पहाड़ तो प्राकृतिक वायदा और भूस्खलन के लिए पहचाने जाते हैं लेकिन मैदानी क्षेत्रों में आखिर ऐसी स्थिति क्यों बन रही है? इसका सीधा और एकमात्र कारण इंसान स्वयं है जिसने नदियों और नालों के रास्ते रोक कर अपने स्वार्थ पूर्ति के लिए उनमें निर्माण कर लिए हैं। नदियों के प्राकृतिक मार्ग और उनके मुंह बंद कर दिए गए हैं जो भारी बरसात के बाद खुद अतिक्रमण की हदों को तोड़कर पार होने को बेताब हैं। नदियों और नालों के वेग को रोका नहीं जा सकता और यदि इनके किनारो को घेर कर निर्माण किए गए हैं तो यही नदी नाले अपना मार्ग खुद बनाने में सक्षम भी हैं। वही सब इन दोनों मैदानी क्षेत्रों में देखने को भी मिल रहा है। देहरादून में तो न जाने नदी किनारे बसे कितने ही आशियाने पानी में बह गए तो शहरी क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था को दरकिनार कर बनाए गए मकान और दुकान जल भराव से जूझ रहे हैं। शहर के मुख्य मागी की भी यही स्थिति है जहां विकास के नाम पर क्या कार्य हुआ होगा यह तो संबंधित विभाग और अधिकारी ही जाने लेकिन असली सूरत हाल सड़कों पर बहती नदियों के रूप में देखी जा सकती है। इस मानसून की बारिश ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इंसान चाहे अपने स्वार्थ और विकास के लिए कुछ भी करें लेकिन यदि प्रकृति के स्वभाव को रोकने की कोशिश की गई तो इसके परिणाम बेहद खतरनाक और जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। अभी भी समय है कि शासन प्रशासन भविष्य के खतरों को भांपते हुए पहाड़ों एवं नगरों में अतिक्रमणों को चिन्हित करें एवं जल निकासी की व्यवस्था को सुचारू रूप से धरातल पर लाए। इस मानसून की बारिश से सबक लेना चाहिए, न केवल सरकारों को बल्कि प्रदेश के रहने वाले लोगों को भी कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ ना करें और ना ही नदियों, नालों, रपटों और प्राकृतिक नालों का वेग़ रोकने की कोशिश करें।

# सरकार के कामकाज का मुख्य लाभार्थी सत्तारूढ़ दल

**अजीत द्विवेदी**

भारत में शासन की जो व्यवस्था अपनाई गई है कि उसमें सरकार और सत्तारूढ़ दल के बीच बहुत बारीक फर्क होता है और इस फर्क को निभाने की जिम्मेदारी सरकार के मुखिया और सत्तारूढ़ दल के प्रमुख दोनों की होती है। साथ ही तमाम संवैधानिक और वैधानिक संस्थाओं, न्यायपालिका और मीडिया की भी जिम्मेदारी होती है कि वे इस फर्क की याद दिलाते रहें। अफसोस की बात है कि आजादी के बाद से धीरे धीरे सरकार और सत्तारूढ़ दल का बारीक सा फर्क मिटता गया है और अब वह लगभग समाप्त हो गया है। अब चाहे केंद्र की बात करें या राज्यों की बात करें वहां सरकारें और सत्तारूढ़ दल एक हो गए हैं। उनमें कोई फर्क नहीं रह गया है। इसे एक से अधिक मिसालों के जरिए समझा जा सकता है।

आजादी के तुरंत बाद पता नहीं क्या होता था लेकिन आज प्रधानमंत्री किसी चुनावी सभा को संबोधित करते हैं तब भी किसी मीडिया में नहीं लिखा जाता है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित किया और पार्टी के लिए वोट मांगा। हर जगह यही लिखा और बोला जाता है कि प्रधानमंत्री ने भाजपा के लिए वोट मांगा और भाजपा उम्मीदवार को चुनाव जिताने की अपील की है। इसी तरह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अगर जनसभा को संबोधित करते हैं तो यह नहीं लिखा या कहा जाएगा कि जनता दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभा की और पार्टी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगा, बल्कि यह कहा जाएगा कि मुख्यमंत्री ने जनता दल यू को वोट देने की अपील की। कभी किसी ने नहीं सोचा कि देश का प्रधानमंत्री किसी खास दल के लिए कैसे वोट मांग सकता है? और अगर वह किसी खास दल के लिए वोट मांगता है तो फिर यह क्यों कहा जाता है कि प्रधानमंत्री किसी पार्टी का नहीं होता है, बल्कि देश का होता है? ध्यान रहे टेलीविजन की बहसों में कई बार एंकर से लेकर चर्चा में बुलाए गए कथित विशेषज्ञ यह बात कहते हैं कि प्रधानमंत्री पूरे देश का होता है!

बहस के लिए यह कहा जा सकता है कि यह बोलने और लिखने की बात है कि प्रधानमंत्री ने या मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित किया। लेकिन यह ध्यान रखने की जरुरत है कि लिखने और बोलने से बहुत सी चीजों के अर्थ निर्धारित होते हैं। मिसाल के तौर पर कलेक्टर को जब से जिलाधीश या जिलाधिकारी लिखा जाने लगा तब से वह जिले का मालिक बन गया। अन्यथा अंग्रेजों के सिस्टम में उसका काम कर संग्रह का होता है। वह टैक्स कलेक्ट करता था इसलिए कलेक्टर कहलाता था। बहरहाल, दशकों से यही परंपरा चलती रही है कि चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भी प्रधानमंत्री को किसी पार्टी का नेता नहीं लिखा जाता है। प्रधानमंत्री भी चुनावी सभा में खुल कर बोलते हैं कि उन्होंने अमुक राज्य के लिए या अमुक समुदाय के लिए कितना बड़ा तोहफा दिया है या कितने पैसे आवंटित किए हैं। इससे मुकाबला बराबरी का नहीं रह जाता है। इससे लोकतंत्र में यह धारणा प्रभावित होती है कि सभी पार्टियों को

> **बहस के लिए यह कहा जा सकता है कि यह बोलने और लिखने की बात है कि प्रधानमंत्री ने या मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित किया। लेकिन यह ध्यान रखने की जरुरत है कि लिखने और बोलने से बहुत सी चीजों के अर्थ निर्धारित होते हैं। मिसाल के तौर पर कलेक्टर को जब से जिलाधीश या जिलाधिकारी लिखा जाने लगा तब से वह जिले का मालिक बन गया। अन्यथा अंग्रेजों के सिस्टम में उसका काम कर संग्रह का होता है। वह टैक्स कलेक्ट करता था इसलिए कलेक्टर कहलाता था। बहरहाल, दशकों से यही परंपरा चलती रही है कि चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भी प्रधानमंत्री को किसी पार्टी का नेता नहीं लिखा जाता है। प्रधानमंत्री भी चुनावी सभा में खुल कर बोलते हैं कि उन्होंने अमुक राज्य के लिए या अमुक समुदाय के लिए कितना बड़ा तोहफा दिया है या कितने पैसे आवंटित किए हैं। इससे मुकाबला बराबरी का नहीं रह जाता है। इससे लोकतंत्र में यह धारणा प्रभावित होती है कि सभी पार्टियों को समान अवसर मिलना चाहिए।**

समान अवसर मिलना चाहिए।

जैसा कि ऊपर लिखा गया है कि सरकार और सत्तारूढ़ दल का फर्क बहुक बारीक होता है, जिसके मिटने की शुरुआत आजादी के तुरंत बाद हो गई थी। लेकिन पिछले दो दशक में यह प्रक्रिया तेज हुई है और अब लगभग समाप्त हो गई है। इसे दो उदाहरणों से समझा जा सकता है। एक उदाहरण तो मुफ्त की सेवाओं और वस्तुओं की घोषणा का है। कोई भी सरकार, जो वित्तीय अनुशासन को समझती है और राजस्व की उपलब्धता के बारे में जानती है वह इस तरह के फैसले नहीं कर सकती है। लेकिन सत्तारूढ़ दल को चुनाव जीतने के लिए ऐसी योजनाओं की जरुरत होती है इसलिए सरकारें इसकी घोषणा करती हैं। कहने को ये सरकार की योजनाएं हैं लेकिन असल में ये योजनाएं सत्तारूढ़ दल की होती हैं। सत्तारूढ़ दल इनका प्रचार करते हैं और इनके आधार पर लोगों से वोट देने की अपील करते हैं। अगर ऐसा नहीं है तो क्या भी सरकार या अदालत इस पर रोक लगा सकती है कि सत्तारूढ़ दल को सरकार की योजनाओं का प्रचार नहीं करना होगा या उनके आधार पर वोट नहीं मांगना होगा?

दूसरा उदाहरण यह है कि विपक्षी पार्टियां जब भी किसी संस्था को निशाना बनाती हैं या सरकार को निशाना बनाती हैं तो उनका जवाब सत्तारूढ़ पार्टियों की ओर से दिया जाता है। हाल के दिनों में एक मिसाल इस बात को प्रमाणित करती हैं। गौरतलब है कि विपक्ष की ओर से चुनाव आयोग पर लगातार हमले हो रहे हैं और आरोप लगाया जा रहा है कि वह मैच फिक्सिंग करके सत्तारूढ़ दल को जीत दिला रही है। इस बात का जवाब या तो चुनाव आयोग के सूत्र दे रहे हैं या भारतीय जनता पार्टी और उसकी सहयोगी पार्टियां दे रही हैं। चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था है, जिसे संविधान के मुताबिक पक्ष और विपक्ष दोनों को समान रूप से ट्रीट करना है। लेकिन चुनाव आयोग दोनों के साथ समान बरताव नहीं करता है। उसका रूझान सत्तारूढ़ दल की ओर होता है और सत्तारूढ़ दल की ओर से उसके हर काम का बचाव किया जाता है। अपवाद के लिए ही एकाध मिसाल होगी, जब सत्तारूढ़ दल को चुनाव आयोग से शिकायत रही होगी।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत में पहले भी यही व्यवस्था चलती थी लेकिन पहले इस तरह से खुल कर सरकार का इस्तेमाल पार्टी के काम के लिए नहीं होता था। इस तरह से सरकार और पार्टी को एक नहीं कर दिया गया था। पार्टी का कामकाज अलग चलता था और सरकार अपना काम करती थी। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि सरकार का एकमात्र काम पार्टी को जीत दिलाने के लिए काम करना है। उसमें अगर देश का और आम लोगों का कुछ कल्याण हो जाता है तो अच्छी बात है। ऐसा लग रहा है कि सरकार के कामकाज का मुख्य लाभार्थी सत्तारूढ़ दल और उसके नेता हैं, जबकि जनता कोलेटरल बेनिफिशियरी है।

आम जनता के पैसे से हजारों करोड़ रुपए विज्ञापनों पर खर्च होते हैं, जिनसे पार्टी और उसके नेता का चेहरा चमकाया जाता है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्रियों को पार्टी के लिए जनसभा करने जाना होता है तो उसे सरकारी कार्यक्रम बना दिया जाता है और समूचा आयोजन सरकार के पैसे से होता है। सत्तारूढ़ दल के नेता सरकार के विमान और हेलीकॉप्टर से पार्टी का प्रचार करने पहुंचते हैं। आजादी के बाद कई दशक तक कांग्रेस चुनाव नहीं हारी थी। लेकिन जब कांग्रेस के हारने का सिलसिला शुरू हुआ तो कई दशक तक राजनीतिक स्थिरता प्रभावित हुई। सत्तारूढ़ दलों के हारने का सिलसिला शुरू हुआ। लेकिन अब यह सिलसिला फिर थमता दिख रहा है। केंद्र से लेकर एक के बाद एक राज्यों में चुनी हुई सरकारें रिपीट होने लगी हैं तो इसका एक बड़ा कारण यह है कि पूरी सरकार और सरकारी मशीनरी सत्तारूढ़ दल को जिताने के लिए काम करती है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है। इसे जितनी जल्दी रोकने की कोशिश शुरू होगी उतना अच्छा होगा।

# ऐतिहासिक भारत—ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता

**पीयूष गोयल**

भारत–ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) भारतीय किसानों, मछुआरों, कारीगरों और व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर पहचान देने के साथ–साथ रोज़गार के असंख्य अवसरों का सृजन करेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप लोगों को प्रतिस्पर्धी दरों पर उच्च–गुणवत्ता वाली वस्तुएं प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेगा। भारत और ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए), ऑस्ट्रेलिया, यूरोप के मुक्त व्यापार समझौते और संयुक्त अरब अमीरात सहित अन्य विकसित देशों के साथ इसी तरह के समझौतों के अनुरूप है। यह मोदी सरकार के विकसित भारत 2047 के स्वप्न को साकार करने के क्रम में आर्थिक विकास और रोज़गार सृजन को अधिकतम करने की रणनीति का एक हिस्सा है। प्रधानमंत्री की रणनीति– वर्ष 2014 में, मोदी सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास को पुनः स्थापित करने तथा इसे भारतीय और विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए एक दृढ़ रणनीति अपनाई। विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर करना, इस व्यापक रणनीति का एक हिस्सा है। एफटीए, व्यापार नीतियों के बारे में अनिश्चितताओं को दूर करते हुए निवेशकों का विश्वास भी बढ़ाते हैं।

विकसित देशों के साथ एफटीए, जिनके भारत के साथ प्रतिस्पर्धी व्यापारिक हित नहीं हैं, दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद है, जबकि पिछली सरकार ने भारत के दरवाजे प्रतिद्वंद्वी देशों के लिए खोलकर भारतीय व्यवसायों को खतरे में डालने का रवैया अपनाया था।

यूपीए शासनकाल में, विकसित देशों ने भारत के साथ व्यापार वार्ता लगभग रोक दी थी और उस समय भारत को दुनिया की "पाँच कमजोर" अर्थव्यवस्थाओं में से एक माना जाता था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2014 से लगभग तीन गुना बढ़कर लगभग 331 लाख करोड़ रुपये हो गया है। क्रांतिकारी सुधारों, व्यापार में आसानी और प्रधानमंत्री के वैश्विक व्यक्तित्व ने भारत को एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरने में सहायता की है। आज, दुनिया भारत की अद्भुत गाथा में भागीदारी के साथ–साथ एफटीए पर हस्ताक्षर करना चाहती है। बाजार पहुंच, प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त– यह एफटीए ब्रिटेन के बाजार के सभी क्षेत्रों में भारतीय वस्तुओं के लिए व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित करेगा। यह लगभग 99 प्रतिशत टैरिफ लाइनों के टैरिफ को समाप्त करते हुए व्यापार मूल्य के लगभग 100 प्रतिशत को कवर करता है। इस समझौते के अंतर्गत 56 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार से सृजित होने वाले व्यापक अवसरों के वर्ष 2030 तक दोगुना होने का अनुमान है। छोटे व्यवसाय समृद्ध होंगे, क्योंकि भारतीय उत्पादों को प्रतिद्वंद्वियों पर स्पष्ट प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल होगी। फुटबॉल, क्रिकेट उपकरण, रग्बी गेंदें और खिलौने बनाने वाली कंपनियों का ब्रिटेन में अपने कारोबार में उल्लेखनीय विस्तार होगा।


असंख्य रोज़गार– आकर्षक बाज़ार में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त से निर्यात स्थायित्व के साथ–साथ निवेश और रोजगार सृजन में वृद्धि होगी। भारत वस्त्र, चमड़ा और जूते से जुड़े क्षेत्रों में ब्रिटेन को आपूर्ति करने वाले तीन प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में से एक बनने की शानदार स्थिति में है और इससे भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में प्रमुख क्षमता के रूप में उभरने में सहायता मिलने के साथ ही यह छोटे व्यावसायियों, कारीगरों और महिलाओं को भी सहायता प्रदान करेगा। रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, रसायन और फोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में भी वृद्धि होने की आशा है।

किसान प्रथम– 95 प्रतिशत से अधिक कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य टैरिफ लाइनों पर शून्य शुल्क लगेगा, जिससे कृषि–निर्यात और ग्रामीण समृद्धि में तीव्र वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। शुल्क–मुक्त बाज़ार पहुंच से अगले तीन वर्षों में कृषि निर्यात में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने का अनुमान है, जो वर्ष 2030 तक भारत के 100 अरब डॉलर के कृषि–निर्यात के लक्ष्य को पूरा करने में योगदान देगा। यह मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारतीय किसानों के लिए प्रीमियम ब्रिटिश बाज़ार को खोल देगा, जो जर्मनी, नीदरलैंड और अन्य यूरोपीय संघ के देशों को मिलने वाले लाभों के बराबर या उससे भी अधिक होगा। हल्दी, काली मिर्च, इलायची और प्रसंस्कृत उत्पाद जैसे आम का गूदा, अचार और दालों को भी शुल्क–मुक्त पहुंच प्राप्त होगी। निर्यात बढ़ने से कृषि आय में वृद्धि होगी तथा गुणवत्ता, पैकेजिंग और प्रमाणन को अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। इससे कृषि मूल्य श्रृंखला में रोज़गार के असंख्य अवसर सृजित होंगे। कमज़ोर वर्गों की सुरक्षा–घरेलू किसानों की सुरक्षा के लिए एफटीए में भारत के सबसे संवेदनशील कृषि क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। भारत ने डेयरी उत्पादों, सेब, जई और खाद्य तेलों पर कोई शुल्क रियायत नहीं दी है।ये रियायतें, मोदी सरकार की खाद्य सुरक्षा, घरेलू मूल्य स्थिरता और कमज़ोर कृषक समुदायों को प्राथमिकता देने की रणनीति को रेखांकित करती हैं।

मछुआरों का विकासझ्रभारतीय मछुआरे, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल और तमिलनाडु के मछुआरे, ब्रिटेन के समुद्री आयात बाजार तक पहुंच के माध्यम से उल्लेखनीय विस्तार का अनुभव करेंगे। झींगा और अन्य समुद्री उत्पादों पर ब्रिटेन का आयात शुल्क वर्तमान 20 प्रतिशत से घटकर शून्य हो जाएगा। यह संभावना अभूतपूर्व है क्योंकि ब्रिटेन के 5.4 अरब डॉलर के समुद्री आयात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.25 प्रतिशत है। सेवाएं और पेशेवर–यह समझौता आईटी/आईटीईएस, वित्तीय सेवा और शिक्षा सहित विभिन्न सेवाओं को गति प्रदान करेगा और भारतीयों के लिए नवीन अवसरों का सजृन करेगा। इस समझौते में संविदा सेवा प्रदाता, व्यावसायिक यात्री, निवेशक, योग प्रशिक्षक, संगीतकार और रसोइये सहित कुशल पेशेवरों के लिए भारत ने अनुकूल गतिशीलता प्रावधान सुनिश्चित किए हैं। अभिनव एफटीए–प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत के एफटीए में वस्तुओं और सेवाओं के अलावा अन्य महत्वपूर्ण बातें शामिल हैं। इस एफटीए ने नए मानक स्थापित किए हैं। इस ईएफटीए के साथ, भारत ने 100 अरब डॉलर के निवेश की बाध्यकारी प्रतिबद्धता हासिल की है, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। ऑस्ट्रेलिया के एफटीए के साथ, भारत ने दोहरे कराधान के मुद्दे का समाधान किया, जो आईटी कंपनियों के लिए एक बाधा बना हुआ था। इस एफटीए का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू दोहरा अंशदान समझौता है। यह ब्रिटेन में नियोक्ताओं और अस्थायी भारतीय कर्मचारियों को तीन वर्षों के लिए सामाजिक सुरक्षा अंशदान से छूट देता है। इससे भारतीय सेवा प्रदाताओं की प्रतिस्पर्धा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

उपभोक्ताओं के लिए गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं–व्यापार समझौते प्रतिस्पर्धा बढ़ाते हैं, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च–गुणवत्ता युक्त वस्तुएं प्राप्त करने में सहायता मिलती है।

# कंतारा चैप्टर 1 से रुक्मिणी वसंत का फर्स्ट लुक हुआ आउट



होम्बले फिल्म्स ने वरमहालक्ष्मी महोत्सव के पावन अवसर पर कांतारा चैप्टर 1 के फैंस को एक तोहफा दिया है. मेकर्स ने फिल्म की लीड एक्ट्रेस के किरदार का फर्स्ट लुक जारी करते हुए फैंस को उनसे रूबरू कराया है. ऋषभ शेट्टी की लिखित और निर्देशित यह फिल्म 2022 की ब्लॉकबस्टर कांतारा का प्रीक्वल है. यह एक ऐसी फिल्म है, जिसने जमीनी स्तर की कहानी कहने की कला को नई परिभाषा दी और दुनिया भर के दर्शकों और आलोचकों से प्रशंसा अर्जित की है.इस साल की शुरुआत में, मेकर्स ने ऋषभ शेट्टी के जन्मदिन पर उनका पहला लुक जारी किया था, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था. इसके बाद, रैप–अप वीडियो ने फैंस के बीच उत्साह और उत्सुकता को और बढ़ा दिया. फैंस फिल्म के अपडेट के बारे में बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इसी बीच, मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर खुलासा किया कि उनकी फिल्म में रुक्मिणी वसंत लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आएंगी. मेकर्स ने रुक्मिणी का फर्स्ट लुक जारी किया. उन्होंने रुक्मिणी को कनकवती के किरदार में पेश किया है. उनका ये किरदार लोगों को काफी पसंद आया है. पोस्टर में, रुक्मिणी ने हरे और लाल रंग की साड़ी के साथ भारी आभूषण पहने नजर आ रही हैं. वह एक महल के अंदर खड़ी होकर मुस्कुरा रही हैं. इस पोस्टर को साझा करते हुए मेकर्स ने हिंदी, अंग्रेजी समेत अन्य भाषाओं में लिखा है, कनकवती का परिचय आपके लिए. पिछले महीने, होम्बेल फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के एक नए पोस्टर के साथ फिल्म के समापन का एलान किया.

## वेस्टइंडीज 6 साल बाद पाकिस्तान को हराने में कामयाब

नईदिल्ली,रोस्टन चेज के हरफनमौला प्रदर्शन और शेरफेन रदरफोर्ड की तेज पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को दूसरे वनडे में पांच विकेट हरा दिया. पहले मैच में मेजबान को 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था. तीन मैचों की सीरीज अब 1–1 से बराबर हो गई है. इस वजह से सीरीज का तीसरा और निर्णायक मैच 12 अगस्त को खेला जाएगा. खास बात ये है कि कैरेबियाई टीम छह साल बाद पाकिस्तान को वनडे में हराने में कामयाब हुआ. कैरेबियाई टीम ने आखिरी बार 2019 विश्व कप में सरफराज अहमद की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम को सात विकेट से हराया था. इसके बाद, दोनों देशों ने 2022 में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली, जिसमें पाकिस्तान ने विपक्षी टीम पर क्लीन स्वीप किया. अब, सीरीज का पहला मैच हारने के बाद, वेस्टइंडीज ने मेहमान टीम पर आसान जीत के साथ वापसी की. बारिश से प्रभावित दूसरे मैच में 35 ओवरों में 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोस्टन चेज ने 47 गेंदों में 49 रनों की पारी खेली. जबकि रदरफोर्ड ने 33 गेंदों में 45 रन बनाकर पारी को गति प्रदान की और वेस्टइंडीज ने पांच गेंद शेष रहते मैच जीत लिया.

# टी—20 अंतरराष्ट्रीय: दक्षिण अफ्रीका की ओर से मैच में 4 विकेट लेने वाले सबसे युवा गेंदबाज

नईदिल्ली, दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ डार्विन में हुए सीरीज के पहले टी–20 में हार मिली। इस मैच में जीत के लिए मिले 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रोटियाज टीम 161/9 का स्कोर ही बना सकी। मेहमान टीम से 19 वर्षीय तेज गेंदबाज क्वेना मफाका ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लिए। इस बीच दक्षिण अफ्रीका से टी–20 अंतरराष्ट्रीय में 4 विकेट लेने वाले सबसे युवा गेंदबाजों के बारे में जानते हैं। 19 वर्षीय मफाका सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने 4 ओवर के कोटे में 20 रन देते हुए 4 विकेट चटकाए। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किसी टी–20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाले गेंदबाज बन गए हैं। इस



युवा तेज गेंदबाज ने टिम डेविड, मिचेल ओवन, बेन ड्वार्शुइस और एडम जैम्पा के विकेट हासिल किए। मफाका ने पहली बार टी–20 अंतरराष्ट्रीय में 4 विकेट लेने में सफलता हासिल की। मफाका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी–20 अंतरराष्ट्रीय में 4 विकेट लेने वाले पहले दक्षिण अफ्रीकी बने हैं। उनसे पहले काइल एबॉट, डेविड विसे और इमरान ताहिर कंगारू टीम के विरुद्ध 3–3 विकेट लिए थे। वेन पार्नेल ने 19 साल और 318 दिन की उम्र में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 4 विकेट लिए थे। उन्होंने अपने 4 ओवर के कोटे में 3.25 की इकॉनमी रेट के साथ 13 रन देते हुए 4 विकेट लिए थे। उनकी उम्दा गेंदबाजी के चलते वेस्टइंडीज की टीम जीत के लिए मिले 184 रन के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी थी। पर्नेल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। 2017 में जोहान्सबर्ग में खेले गए टी–20 में युवा लुंगी एनगिडी ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के विरुद्ध प्रभावशाली प्रदर्शन किया था।

# अमेजन प्राइम वीडियो ने किया वेब सीरीज अंधेरा का ऐलान



सुपरनैचुरल हॉरर और इंवेस्टिगेशन सीरीज अंधेरा के मेकर्स ने बताया है कि यह 14 अगस्त को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। हॉरर सीरीज अंधेरा के निर्माता गौरव देसाई ने सीरीज के अनुभव के बारे में अपनी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने बताया कि अंधेरा बनाना मेरे लिए अब तक के सबसे खास अनुभवों में से एक है। मुझे हमेशा से हॉरर और सुपरनैचुरल कहानियों में दिलचस्पी रही है। अब जब मैंने खुद ऐसी कहानी बनाई है, तो मुझे बहुत खुशी और एक सपने को सच करने जैसा लग रहा है।

निर्माता ने कहा, शुरुआत से ही मेरा मकसद सिर्फ हॉरर कहानी बनाना नहीं था, बल्कि ऐसी ऐसी चीज बनाना था जो देखने के बाद भी दर्शकों के मन में बनी रहे। सीरीज बनाने में सबसे बड़ी चुनौती ये थी कि हम इस सीरीज के जरिए इंसान के अंदर छुपे उस असली और मूल डर को दिखा सकें, जिसे हम सभी कहीं न कहीं महसूस करते हैं।

निर्माता ने सीरीज की स्क्रिप्ट की खूबियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंधेरा की असली ताकत इसकी स्क्रिप्ट ही है, जिसने इस सीरीज को आगे बढ़ाने का काम किया है।

## जानकी वी बनाम स्टेट ऑफ केरल अब ओटीटी पर, 15 अगस्त को जी5 पर होगी स्ट्रीम

मलयालम फिल्म इंडस्ट्री की फेमस अभिनेत्री अनुपमा परमेश्वरन और सुरेश गोपी की अभिनीत फिल्म जानकी वी बनाम स्टेट ऑफ केरल का डिजिटल प्रीमियर की डेट तय हो गई है। सच्ची घटना पर आधारित यह फिल्म अब 15 अगस्त को जी–5 पर हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम समेत कई भाषाओं में प्रसारित होगा। प्रवीण नारायणन द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक युवती की संघर्षपूर्ण यात्रा को दर्शाती है, जो यौन उत्पीड़न से उबरने के बाद अपनी स्वतंत्रता और सम्मान के लिए लड़ती है। सुरेश गोपी ने फिल्म के बारे में बताया, थिएटर्स में जानकी वी बनाम स्टेट ऑफ केरल को मिली भावनात्मक प्रतिक्रिया ने हमें अभिभूत कर दिया। दर्शकों ने इस कहानी को इतना प्यार दिया, इसके लिए मैं उनका आभारी हूं। जी–5 पर इसका डिजिटल प्रीमियर होने से जानकी की आवाज, उसकी लड़ाई, उसका दर्द और साहस देशभर के घरों तक पहुंचेगा।

# भारतीय महिला फुटबॉल टीम का कमाल, 20 साल बाद एशियाई कप के लिए किया क्वालीफाई

यांगून (म्यांमार),भारत की अंडर–20 महिला फुटबॉल टीम ने रविवार, 10 अगस्त को यांगून के थुवुन्ना स्टेडियम में अपने अंतिम ग्रुप डी मुकाबले में मेजबान म्यांमार को 1–0 से हरा दिया. इस जीत के दम पर भारत ने दो दशकों में पहली बार एएफसी (एशियन फुटबॉल कंफेडरेशन) अंडर–20 महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई किया है. भारत ने पिछली बार 2006 में एएफसी अंडर–20 महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई किया था. भारत की अंडर–20 महिला टीम ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया और ग्रुप डी के क्वालीफिकेशन अभियान में अपराजित रही. इस अभियान में उन्होंने इंडोनेशिया (0–0) और तुर्कमेनिस्तान (7–0) के खिलाफ मैच खेले. इसके



बाद उन्होंने मेजबान म्यांमार को 1–0 हराया. इस अभियान में उन्होंने एक भी गोल नहीं खाया. एएफसी अंडर–20 महिला एशियाई कप 2026 के लिए क्वालीफायर में कुल 32 टीमें 11 स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं. मेजबान थाईलैंड ने होस्ट होने की वजह से पहले ही क्वालीफिकेशन हासिल कर लिया है. क्वालीफायर में, टीमों को चार–चार के आठ समूहों में विभाजित किया गया है. आठ समूह विजेता और सभी समूहों में से तीन सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें मुख्य प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो अगले साल अप्रैल में 1 से 18 तक एएफसी अंडर–20 महिला एशियाई कप में आमने सामने होंगी. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने अंडर–20 महिला राष्ट्रीय टीम के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 25,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 22 लाख रुपये) का इनाम देने की घोषणा की है. एआईएफएफ ने भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के सहयोग से महिला फुटबॉल में जमीनी और युवा ढांचे को मजबूत करने के लिए कई पहल की हैं. ऐसी ही एक पहल है अस्मिता महिला फुटबॉल लीग, जिसके तहत 2023 से 2025 तक देश भर में अंडर–13, अंडर–15 और अंडर–17 स्तरों पर 155 लोगों का सफल आयोजन हुआ.

## एक नजर

### बालिकाओं ने ताइक्वांडों में जीता स्वर्ण पदक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कण्वघाटी स्थित एमकेवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा माही ने सीबीएसई की बालिकाओं की ताइक्वांडों प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। अंडर-19 बालिकाओं की प्रतियोगिता गाजियाबाद के एसजी पब्लिक स्कूल वसुधारा में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में चार सौ से अधिक विद्यालयों के छह सौ प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। माही का चयन 2025 के सितंबर माह मे होने वाली राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हो गया है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश चंद्र कोठारी व कार्यकारी निदेशक मयंक प्रकाश कोठारी ने माही की उपलब्धि को दूसरे बच्चों के लिए प्रेरणा बताया।

### अस्पताल में गुर्दा रोग विशेषज्ञों की हो तैनाती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने राजकीय बेस चिकित्सालय में गुर्दा रोग विशेषज्ञों की तैनाती करने की मांग की है। साथ ही अस्पताल में फैस्टूला बनाने की व्यवस्थ करने की भी मांग की गई।

इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी ने मानवाधिकार आयोग को पत्र भेजा। उन्होंने कहा कि राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में वर्ष 2010 में डाइललिसिस सेंटर की स्थापना की स्वीकृति दी गई थी। जिसकी स्थापना वर्ष-2019 में हो पाई। यहां पर गुर्दा रोग विशेषज्ञ एवं फैस्टूला (डाइलिसिस मशीन से संयोजन के लिए हाथ की कलाई की नसें निकालने) की व्यवस्था नहीं है। जिससे लोगों को देहरादून या उत्तर प्रदेश के बड़े अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ते हैं। समस्या से कई बार स्वास्थ्य विभाग को अवगत करवाने के बाद भी इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा। कहा कि अल्पाहार और डाइलिसिस पर निर्भर रहने वाले गुर्दा रोगियों की शारिरिक स्थिति जर्जर हो जाने के कारण समय-समय पर गुर्दा रोग विशेषज्ञ से जांच करवाने की आवश्यकता होती है। लेकिन, गुर्दा रोग विशेषज्ञ नहीं होने के कारण मरीजों को परेशानी होती है। ऐसे में गुर्दा रोगियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए समस्याओं का निराकरण किया जाना चाहिए।

### दस बजे होगा झंडारोहण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाल पूर्व सैनिक लीग की ओर से स्वतंत्रता दिवस पर दस बजे झंडारोहण किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वाल पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष बुद्धि बल्लभ ध्यानी ने बताया कि कार्यक्रम गढ़वाल सैनिक लीग परिसर में होगा। उन्होंने अधिक से अकिक गौरव सेनानियों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की।

### नागताल मेला स्थगित

रुद्रप्रयाग : केदारघाटी के फाटा क्षेत्र स्थित नागताल झील में कृष्ण जन्माष्टमी पर लगने वाला मेला इस वर्ष उत्तरकाशी के धराली में आई भीषण आपदा को देखते हुए स्थगित कर दिया गया है। नागताल मेला समिति अध्यक्ष उमेंद्र सिंह रमोला ने बताया कि धराली में आई आपदा को देखते हुए समिति एवं क्षेत्र वासियों ने निर्णय लिया गया कि मेला सूक्ष्म रूप में मनाया जाएगा। समिति उपाध्यक्ष नितिन जमलोकी ने बताया कि इस दुःख की घड़ी में सभी केदारवासी धराली के आपदा पीड़ितों के साथ है।

### आपदा प्रभावितों का हो पूर्णरूप से पुनर्वास: यशवीर आर्य

देहरादून। जागरूक बनो आवाज उठाओ के संयोजक यशवीर आर्य ने कहा कि उत्तराखंड के धराली हो या अन्य कोई स्थान जहां भी आपदा से परिवार उजड़ गये हैं वहां के प्रभावित लोगों का पूर्णरूप से पुनर्वास हो । उन्होंने कहा कि 4- 5 लाख की सहायता से पीड़ित परिवारों का कुछ नहीं होना है। जिन लोगों पर बैंकों सहित किसी भी प्रकार ऋण है वह माफ किया जाए। कहा कि अगले पांच वर्ष तक उनसे बिजली पानी आदि के बिलों की माफी की जाए। आपदा के लिए आ रही राशि का पूर्ण प्रयोग प्रभावित लोगों पर किया जाए।

### मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा स्थगित

देहरादून। उत्तराखंड में भारी बारिश को देखते हुए आज होने वाली मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति की परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। राज्यभर में 347 स्कूलों में छात्रवृत्ति परीक्षा होनी थी। परीक्षा की अगली तिथि बाद में घोषित की जाएगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अपर निदेशक पदमेंद्र सकलानी ने बताया कि जूनियर और माध्यमिक स्तर पर मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के लिए आज मंगलवार को राज्यभर में परीक्षा होनी थी।

# खतरनाक हुआ कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग का सफर, बीस डेंजर जोन बनें



कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिरते बोल्डर



बरसात के दौरान पांचवें मील के समीप उफान पर बहता बरसाती रपटा

**लगातार हो रही बारिश के दौरान पहाड़ी से राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर रहे बोल्डर**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बरसात के मौसम में कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग का सफर चुनौती बन गया है। जगह-जगह पहाड़ी से बोल्डर गिर रहे हैं। पिछले एक सप्ताह के भीतर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीस से अधिक नए डेंजर जोन बन चुके है। ऊपर से गिर रहे बोल्डर व नीचे खाई कब हाईवे से गुजर रहे वाहन चालकों व यात्रियों के जीवन पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। एक सप्ताह पूर्व सिद्धबली के समीप हाईवे से गुजर रही एक मैक्स के ऊपर बोल्डर गिर गया था। जिसमें दो व्यक्ति असमय काल का ग्रास बन गए थे। जबकि, सात लोग घायल हो गए थे।

हाईवे की बदहाल सरकारी सिस्टम की कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रही है। दो वर्ष पूर्व से बदहाल राष्ट्रीय राजमार्ग की सरकारी सिस्टम ने कोई सुध नहीं ली। पांच से अधिक स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा खोह नदी में समा गया था। यही नहीं कई स्थानों पर पहाड़ी में बोल्डर अटके हुए थे। ऐसे में होना तो यह चाहिए था कि सरकारी सिस्टम राष्ट्रीय राजमार्ग के ढहे पुश्तों की मरम्मत करता व बोल्डर को हाईवे पर आने से रोकने के लिए कोई प्रबंध करता।

लेकिन, दो वर्ष बीतने के बाद भी सरकारी सिस्टम ने कोई सुध नहीं ली। नतीजा, पिछले तीन दिन से हो रही वर्षा ने राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति और अधिक विकराल कर दी है। हल्की वर्षा होने पर ही पहाड़ी पर फंसे बोल्डर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर रहे हैं। जिन स्थानों पर हाईवे का हिस्सा ढहा हुआ है उसके आसपास भी दरारे नजर आने लगी हैं। ऐसे में यह बचा हुआ हिस्सा भी कब खोह नदी में समा जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता।

### यह है डेंजर जोन

सिद्धबली से राष्ट्रीय राजमार्ग के आगे बढ़ते ही तिलबाढांग चौकी के समीप पुलिया का हिस्सा ढह रहा है। जिसके कारण पुलिया को बंद कर दिया है। साथ ही इसी के समीप स्थित दूसरी पुलिया से ही वाहनों का आवागमन हो रहा है। इसी पुलिया से करीब सौ मीटर आगे पहाड़ी से लगातार मलबा गिर रहा है। इसी स्थान पर सोमवार को मैक्स वाहन पर बोल्डर गिरा था। दो सौ मीटर आगे मोड पर भी लगातार बोल्डर गिर रहे हैं। लालपुल से करीब तीन किलोमीटर आगे लगातार पहाड़ी से बोल्डर गिरने का खतरा बना हुआ है। उक्त स्थान पर गत वर्ष मलबे में एक मैक्स वाहन दब गया था। जिसमें मैक्स सवार एक युवक की मौत हो गई थी। इससे कुछ दूर पर जगह-जगह गायब हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के हिस्से व बरसाती रपटे वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। दुर्गा मंदिर से सौ किलोमीटर आगे भी पहाड़ी से बोल्डर गिरने के साथ ही दोपहिया वाहनों के रपटने का खतरा बना हुआ है। कुछ सप्ताह पूर्व इसी स्थान पर कार के ऊपर एक बोल्डर गिर गया था। हालांकि दुर्घटना में कार सवार किसी व्यक्ति को चोट नहीं आई। लेकिन, कार का अगला सीसा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। वहीं, दुगड्डा के समीप ऐता मोड पर भी लगातार पहाड़ी से बोल्डर गिर रहे हैं। लगातार बिगड़ती स्थिति ने हाईवे की सूरत बिगाड़ दी है।

# कपड़ों की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान खाक



कोटद्वार में दुकान की आग पर काबू पाने का प्रयास करते दमकल कर्मी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत देवी रोड स्थित एक कपड़ों की दुकान में रविवार रात आग लग गई। आग की चपेट में आने से दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना रात करीब साढ़े दस बजे की है। कुछ लोगों को एक कांप्लेक्स के भीतर से धुंआ निकलता हुआ दिखाई दिया। लोगों ने जब भीतर जाकर देखा तो वहां स्थित मल्होत्रा कलेक्शन, रेडीमेड की दुकान से तेज धुंआ आ रहा था। घटना की जानकारी दुकान स्वामी को दी गई। दुकान स्वामी ने जब दुकान का शटर खोला तो आग की लपटें बाहर की ओर आने लगी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरु किया। साथ ही आसपास स्थित अन्य कपड़ों की दुकानों को भी खाली करवाया। करीब एक डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दमकल अधिकारी रणधीर सिंह ने बताया कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास की दुकानें भी इसकी जद में आ सकती थी।

### आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने शहर में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या पर चिंता व्यक्त की है। कहा कि आए दिन कुत्ते राहगीरों को काट रहे हैं। पूर्व में शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। जिससे समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

इस संबंध में सदस्यों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। बताया कि कोटद्वार शहर में पिछले कुछ दिनों से आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। आए दिन कुत्ते राहगीरों को काट रहे हैं।

झुंड में घूम रहे कुत्तों से सबसे अधिक खतरा बच्चों व बुजुर्गों को बना हुआ है। बेस अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों लोग इंजेक्शन लगावाने के लिए पहुंच रहे हैं। कहा कि कुत्तों के आतंक से निजात दिलवाने के लिए प्रशासन व नगर निगम को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। खूंखार होते कुत्तों से निजात के लिए विशेष योजना बननी चाहिए। इस मौके पर गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, अनिल डबराल, अनूप बिष्ट, बलवान सिंह, संजय, हरीश, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# सत्य के मार्ग पर चलना ही सच्चा धर्म : आचार्य लखेड़ा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा ने कहा कि सत्य के मार्ग पर चलना ही सच्चा धर्म है। आज मनुष्य अपने निजी स्वार्थो के लिए असत्य के मार्ग को अपना रहा है। जिससे उसका जीवन दुःखमय कटता है। सत्य बोलना, तप करना, प्राणियों के प्रति दया का भाव रखना व धर्म का पालन करना ही धर्म है।

भाबर क्षेत्र के अंतर्गत उमरावनगर में महाकालेश्वर मंदिर में शिव कथा का वाचन करते हुए आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि सत्य बोलना, तप करना, प्राणियों के प्रति दया का भाव रखना व धर्म का पालन करना ही धर्म है। उन्होंने शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार शिलाद ऋषि ने पुत्र प्राप्ति के लिए महादेव की तपस्या की। उसके बाद उनका एक पुत्र नंदिकेश्वर हुआ, जो बड़ा ही बलवान व शिव भक्त हुआ, तब वरूण देव ने शिलाद ऋषि से कहा कि तुम्हारे पुत्र की आयु मात्र एक वर्ष है। तब नंदिकेश्वर ने कहा कि मैं मृत्यु को जीत लूंगा। ऐसा कहकर नंदिकेश्वर ने शिव की तपस्या की। महादेव ने नंदिकेश्वर को अपना मुख्य गण बना दिया। कहा कि नंदिकेश्वर का मतलब भी धर्म से ही है। कहा कि धर्मारूढ़ रहोगे तो ज्ञान गंगा का अवतरण होगा। इस मौके पर पार्षद सौरभ नौडियाल, जयदीप पुरोहित, विवेक जुयाल, मुकेश बिष्ट, गिरीश, विक्रम सिंह, उमेद सिंह, बीना देवी, पंकज नेगी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के भाबर क्षेत्र में कथा का वाचन करते आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा

# समलौंण पौध रोपकर मां को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखंड पाबौ के पट्टी बालीकण्डारस्यूं के ग्राम खण्डुली में स्वर्गीय भगतराम पौखरियाल की धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती नैना देवी की वार्षिक पिण्ड दान के अवसर पर घर के आंगन में तेजपाल का समलौंण पौधा रोपा गया। पौधा तोताराम पोखरियाल और पीतांबर दत्त पोखरियाल ने रोपा। पौधे की सुरक्षा की जिम्मेदारी श्रीमती कांति देवी ने ली।

पुण्य आत्मा की स्मृति में पोखरियाल परिवार ने श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया। इस मौके पर कथावाचक व्यास पीठ आचार्य संजय प्रसाद ममगाईं ने कहा कि पुण्य आत्मा की याद में समलौंण पौधा रोपण एक अनोखी पहल है, परिवार के सभी सदस्य इस पौधे को भावनात्मक रूप से संरक्षण करेंगे, जो पौधा भविष्य में पल्लवित पोषित होकर पित्र देव वृक्ष के नाम से जाना जाएगा और सारे समाज में प्रेरणादायक बनेगा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी तोताराम पोखरियाल ने क्षेत्रवासियों से प्रकृति के संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। पौधे की व्यवस्था समलौण संस्था के संस्थापक बीरेंद्र दत्त गोदियाल ने की। इस मौके पर श्रीमती सुधा पोखरियाल, विकास पोखरियाल, सिफाली पोखरियाल, विवेक पोखरियाल, पूनम देवी पोखरियाल, भारती देवी, कुसुम देवी, अंकित पोखरियाल, चन्द्र शिखा पोखरियाल, अरुण पोखरियाल, विनय पोखरियाल, अंकित पोखरियाल, ममता देवी पोखरियाल आदि मौजूद थे।



### बंद सड़कों पर शीघ्र यातायात बहाल करें : महाराज

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जिले में सोमवार को बारिश के कारण 28 सड़कें बंद रही। जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज ने भारी बारिश के कारण बंद पाबौ-झंगरबौ-गढीगांव-पिनानी सड़क को यातायात के लिए बहाल करने के निर्देश दिए है। मंत्री ने इस संबंध में अधिकारियों और जिलाधिकारी पौड़ी से बात कर इस सड़क सहित जिले में बंद सड़कों पर भी शीघ्र कनेक्टिविटी बहाल करने को कहा। मंत्री ने बताया कि लोनिवि ने 514 मशीनें सड़कों को खोलने के लिए लगाई है। सभी प्रभावित क्षेत्रों में अधिशासी अभियन्ताओं को अवरुद्ध मार्गों को प्राथमिकता से खोलने के लिए कहा गया है।

लोनिवि मंत्री महाराज ने बताया कि बारिश से प्रदेश में कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है और इससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई है। पौड़ी जिले के चौबट्टाखाल के तहत पाबौ-झंगरबौ-गढीगांव-पिनानी सड़क के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी भी मिली है। इस सड़क पर यातायात बहाल करने के लिए जिलाधिकारी पौड़ी को निर्देश दे दिए गए हैं। बताया कि मौके पर सड़कों को खोलने के लिए मशीनें लगी हुई हैं। लोनिवि मंत्री ने कहा है कि शीघ्र ही वह क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लेंगे। बताया कि सोमवार को 2 हाईवे सहित 20 राज्य मार्ग, 9 मुख्य जिला मार्ग, 6 अन्य जिला मार्ग और 58 ग्रामीण मार्ग सहित कुल 96 सड़कें अवरुद्ध रही।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राईविंग लाईसेंस में मेरा नाम महेश प्रसाद पुत्र चण्डी प्रसाद तथा मेरी जन्मतिथि 25/03/2008 अंकित हो गई है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम महेन्द्र जोशी पुत्र चण्डी प्रसाद जोशी तथा जन्मतिथि 01/01/1979 है, जो कि मेरे आधार कार्ड में अंकित है। अतः मेरे ड्राईविंग लाईसेंस में मेरा सही व वास्तविक नाम महेन्द्र जोशी पुत्र चण्डी प्रसाद जोशी तथा जन्मतिथि 01/01/1979 अंकित कर ड्राईविंग लाईसेंस निर्गत किया जाय।

(1149/21)


# जिला पंचायत अध्यक्ष पद हेतु दो प्रत्याशियों ने किया नामांकन

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशियों का हुआ नामांकन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए सोमवार को नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए दो और उपाध्यक्ष पद पर चार प्रत्याशियों ने नामांकन कराया है। भाजपा और कांग्रेस ने उपाध्यक्ष पद पर प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की थी। नामांकन प्रक्रिया को लेकर जिला पंचायत परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सोमवार को जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदों पर नामांकन प्रक्रिया हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के आरओ एवं मुख्य कृषि अधिकारी डा. वीके यादव ने बताया कि अध्यक्ष पद पर दो और उपाध्यक्ष पद पर 4 प्रत्याशियों ने नामांकन किए है। भाजपा की ओर से अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी एवं जिला पंचायत की धौलकंडी सीट से सदस्य रचना बुटोला और कांग्रेस की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी एवं कोटा सीट से सदस्य दीपिका ईष्टवाल ने नामांकन किया। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर कुल्हाड़ सीट से सदस्य महेंद्र राणा, सिंगोरी सीट से चंद्रभानु बिष्ट, अंदरोली सीट से नीलम कुमार और चैधार सीट से आरती नेगी ने नामांकन किया है। मंगलवार को नाम वापसी की प्रक्रिया की जाएगी।

### सावन के अंतिम सोमवार मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी

पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल के ग्राम थनूल स्थित प्रसिद्ध थानेश्वर महादेव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार को भारी बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे और जलाभिषेक किया। श्रद्धालु भीगते हुए जलाभिषेक के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहे। सावन के अंतिम सोमवार को थानेश्वर महादेव मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष जगमोहन डांगी ने बताया कि नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत प्रधान बुटली रेनू कपटियाल, नव निर्वाचित प्रधान पंचायत गढ़कोट संगीता देवी, नव निर्वाचित ग्राम प्रधान थनूल देवेंद्र रावत, पूर्व प्रधान दिउसी शिव प्रसाद कुकरेती, पूर्व प्रधान उर्मिला देवी, पूर्व प्रधान उमा देवी, पूर्व प्रधान बिरेंद्र दास, पूर्व प्रधान रणवीर सिंह सहित समाज सेवी बीएस नयाल, शांति नयाल को सम्मानित किया गया।

# छात्रों को हर घर तिरंगा के उद्देश्य बताएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, थलीसैंण में नमामि गंगे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में ह्यहर घर तिरंगा, हर घाट तिरंगा' के कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह ने किया। उन्होंने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को नमामि गंगे टी-शर्ट एवं कैप वितरित की।

नमामि गंगे नोडल अधिकारी डॉ. विवेक रावत ने हर घर तिरंगा के उद्देश्यों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान हर नागरिक के अन्दर देश भक्ति की गहरी भावना जगाने और हमारे राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को बेहतर ढंग से समझने का प्रयास करता है।



इतिहास विभाग प्रभारी डॉ. बचन सिंह ने गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सुधीर सिंह रावत, डॉ. प्रमिल्ला चौहान, डॉ. विक्रम रौतेला, डॉ. अजय कुमार, डॉ. भुवन मेलकानी उपस्थित रहे।


### अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेन्ट कलेक्टर कोटद्वार गढ़वाल**

रा0वा0सं0 1 /2024

किरन देवी पत्नी श्री विजयपाल सिंह

2- विकिसन पुत्र श्री विजयपाल सिंह

3- सूरज पुत्र श्री विजयपाल सिंह

निवासीगण- ग्राम निम्बूचौड़, पट्टी मोटाढाक, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, हाल निवासी रमनवाला, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश।

**-वादीगण**

**बनाम**

1- दयाराम पुत्र श्री धासीराम, 2- लक्ष्मण सिंह पुत्र जवाहर सिंह, 3- दिनेश सिंह पुत्र मुकन्द सिंह, 4- सुनीता देवी पत्नी धनीराम, 5- गीता पत्नी हिम्मत, 6- उपेन्द्र सिंह पुत्र जनवीर सिंह, 7- नरेन्द्र सिंह पुत्र महाराज सिंह, 8- सतेन्द्र सिंह, अमित सिंह पुत्रगण शेर सिंह, 9- दीपक पुत्र इन्दलसिंह, 10- पीताम्बरी देवी पत्नी श्रीचन्द्र सिंह, 11- देवकी देवी पत्नी गजे सिंह, 12- शेर सिंह पुत्र उम्मेद सिंह, 13- सूर्य कुमार पुत्र ओमप्रकाश, 14- अनीता पत्नी अनिल सिंह, 15-सरस्वती पत्नी ध्यान सिंह निवासीगण- ग्राम निम्बूचौड़, पट्टी मोटाढाक, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

- प्रतिवादीगण

हरगाह वादी उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक वाद अन्तर्गत धारा-229वी उ0प्र0ज0वि0 एवं भू0सु0अधि0 के अन्तर्गत पेश किया है जिसमें आपकी उपस्थिति वांछनीय है।

अतः आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 5-9-2025 को बवक्त 10 बजे दिन मेरे न्यायालय असालतन या वकालतन न्यायालय उपस्थित होकर अपनी पैरवी करना सुनिश्चित करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत में आज दिनांक 22-7-2025 को जारी किया गया।

**आज्ञा से,**
**असि0कलै0प्र0श्रे0 कोटद्वार**
**जिला पौड़ी गढ़वाल**

(1150/11)


# हर्षिल में भागीरथी नदी पर बनी झील से पानी निकासी के प्रयास शुरू

### राहत और पुनर्वास के लिए धराली पहुंची सर्वे टीम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

उत्तरकाशी : गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने कहा कि धराली आपदा में अब तक सरकार के पास 42 लोगों के लापता होने का आंकड़ा है। चार दिन तक हेली से चले रेस्क्यू के दौरान आपदाग्रस्त क्षेत्र से कुल 1278 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। राहत एवं पुनर्वास की योजना के लिए शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय कमेटी के लोग भी धराली पहुंचे हैं और नुकसान का बारीकी से सर्वेक्षण कराया जा रहा है। मंडलायुक्त ने बताया कि हर्षिल में भागीरथी नदी पर बनी झील से पानी निकासी के लिए सिंचाई विभाग और उत्तराखंड जल विद्युत निगम लि. के द्वारा गत दिन से काम शुरू कर दिया गया हैं।



सोमवार सुबह गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने उत्तरकाशी स्थित आपदा स्मार्ट कंट्रोल रूम में प्रेस वार्ता कर धराली आपदाग्रस्त क्षेत्र में राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि धराली आपदा में 42 लोग लापता हुए हैं, जिनमें नौ आर्मी के जवान, 13 स्थानीय लोग, 24 नेपाली, 13 बिहार और छह लोग यूपी के लापता हैं।

उन्होंने कहा कि 29 नेपाली मजदूरों के लापता होने की सूचना मिली थी, जिनमें से 5 मिल गए हैं, बाकी लापता मजूदरों की तलाश की जा रही है। ठेकेदारों और आसपास ग्रामीणों से भी संपर्क किया जा रहा है। धराली हादसे में अभी तक सिर्फ एक लोकल व्यक्ति की डेड बॉडी मिली है। मलबे में कितने दबे हैं, इसकी सही जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। जरूरी नहीं है कि जो लापता हैं वो मलबे में ही दबे हों। उन्होंने कहा कि धराली में लापता लोगों की तलाश में सर्च ऑपरेशन तेजी के साथ किया जा रहा है। राहत एवं पुनर्वास के लिए बनाई गई 10 सदस्यीय जियॉलॉजिकल सर्वे टीम भी धराली पहुंची है और जब तक नुकसान का पूरा सर्वे नहीं हो जाता, टीम वहीं डटी रहेगी। उन्होंने कहा कि सड़क बाधित होने के कारण प्रभावित गांवों में प्रशिक्षित आपदा मित्रों एवं पंचायतराज विभाग के माध्यम से लगातार संपर्क किया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्र में मोबाईल संपर्क उपलब्ध है। आपदा नियंत्रण कक्ष निरंतर संचालित हो रहा हैं। इस मौके पर पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप उपस्थित रहे।

# सोनप्रयाग और गौरीकुंड में रोके यात्री

रुद्रप्रयाग : जनपद में हो रही भारी बारिश के चलते सोमवार को सोनप्रयाग से यात्रियों को केदारनाथ जाने की अनुमति नहीं दी गई। सभी यात्रियों को सुरक्षा की दृष्टि से सोनप्रयाग और गौरीकुंड में ही रोका गया है। मौसम खुलते ही उन्हें केदारनाथ भेज दिया जाएगा। सावन की झमाझम बारिश के चलते केदारनाथ पैदल मार्ग पर कई जगहों पर पत्थर गिरने का खतरा बना है। जबकि, भूस्खलन की भी संभावनाएं बनी रहती है, ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने सोमवार को यात्रियों को केदारनाथ जाने की अनुमति नहीं दी। केदारनाथ जाने वाले यात्रियों से आग्रह किया गया कि वे सुरक्षित स्थानों पर ठहरें, मौसम खुलते ही उन्हें केदारनाथ भेज दिया जाएगा। सोमवार सुबह से ही लोग केदारनाथ जाने के लिए सोनप्रयाग और गौरीकुंड में पहुंच गए थे। हालांकि, पुलिस लगातार मौसम विभाग के भारी बारिश के अलर्ट को लेकर यात्रियों को जानकारी देती रही। साथ ही बताया कि खराब मौसम में यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए यात्रा रोकी जाएगी। सीतापुर, सोनप्रयाग और गौरीकुंड में करीब दो हजार यात्री केदारनाथ जाने के लिए ठहरे हैं। वहीं, बीते रविवार को केदारनाथ में महज 165 यात्रियों ने ही दर्शन किए हैं। सावन का अंतिम सोमवार होने से केदारनाथ में पहले ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में दर्शनों को पहुंचे हैं। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### रग्बी खिलाड़ी महक चौहान का होगा भव्य स्वागत

हरिद्वार। नालंदा के राजगीर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित अंडर 20 सातवीं एशिया रग्बी चैंपियनशिप 2025 में भारत ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। उत्तराखंड से टीम में उत्तरकाशी निवासी महक चौहान भी शामिल हैं। उसने अपने शानदार खेल से उत्तराखंड का नाम रोशन किया। उत्तराखंड रग्बी एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष आयुष सैनी, शिवा सैनी ने भी बिहार पहुंचकर महक चौहान को शुभकामनाएं दी। आयुष सैनी ने बताया कि बुधवार को महक चौहान का भव्य स्वागत रुड़की स्थित डीएवी कॉलेज में होगा। जहां से बीटी गंज होते हुए उत्तराखंड रग्बी एसोसिएशन के मुख्य कार्यालय मुलदासपुर माजरा तक रोड शो निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि कप्तान भूमिका शुक्ला के नेतृत्व में भारत और उज़्बेकिस्तान के मध्य ब्रॉन्ज मेडल के लिए मुकाबला हुआ था। जिसमें भारत ने 12/5 से उज़्बेकिस्तान को हराया।

### चौक पर पोस्टर, बैनर चिपकाने का सामाजिक संस्था ने जताया विरोध

हरिद्वार। आर्यनगर के शहीद उधम सिंह चौक पर शहीद उधम सिंह की प्रतिमा के पास दीवारों पर कुछ कंपनियों, संस्थाओं की ओर से अपने प्रचार के लिए बैनर और पोस्टर चिपकाए गए। इस पर सामाजिक संस्थाओं ने भी नाराजगी व्यक्त की है। उत्तरांचल पंजाबी महासभा के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कहा कि लोगों को स्थान देखकर बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स चिपकाने चाहिए। इस प्रकार से शहीदों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहीदउधम सिंह की प्रतिमा के ऊपर छतरी के लिए नगर निगम और एचआरडीए में वार्ता चल रही है। छतरी लगने से भी चौक की सुंदरता बढ़ जाएगी। जैसा शहीद ए आज़म भगत सिंह चौक का सौंदर्यीकरण नगर निगम ने किया गया है, वैसा ही इस चौक का भी होना चाहिए। जो भी पोस्टर, फ्लैस, बैनर लगाए, उसके खिलाफ कार्यवाही हो।

### केडी चौराहा बिजली घर से बंद हुई सप्लाई

हल्द्वानी। बारिश के दौरान 33 केवी लाइन में पेड की टहनी गिरने से सोमवार को केडी चौराहा बिजली घर से सप्लाई बंद हो गई। सुबह से हुई तेज बारिश के दौरान करीब 9 बजे टहनी टकराने से कमलुवागांजा पावर हाउस से केडी चौराहा बिजली घर तक आपूर्ति देने वाली लाइन की आपूर्ति बंद हो गई। इससे बिजलीघर के रामपुर रोड, बरेली रोड, आजाद नगर और गांधीनगर के फीडर बंद हो गए। इनसे जुडे क्षेत्रों में घंटों तक बिजली कटौती होने पर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पडा। 11.30 बजे टहनी हटाए जाने के बाद आपूर्ति फिर से बहाल हो सकी। ऊर्जा निगम के ईई प्रदीप कुमार ने बताया की सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंच कर टहनी हटा कर समस्या का समाधान किया।

### नई कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

हल्द्वानी। महाराजा अग्रसेन युवा समिति की कार्यकारिणी विस्तार का कार्यक्रम सोमवार को रामपुर रोड स्थित निजी रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष विपुल अग्रवाल ने आगामी सत्र में होने वाले कार्यक्रम जैसे कि रक्तदान शिविर, शोभायात्रा का संचालन, भव्य माता की चौकी का आयोजन व अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के बारे में बताया। इसके बाद कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए अमित गोयल, अभिषेक गर्ग, सौरभ अग्रवाल और शुभम अग्रवाल को उपाध्यक्ष पद पर, सुमित जैन, अभिनव अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, तुषार मित्तल को सचिव पद पर नामित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव कनव अग्रवाल ने किया।

### नैनीताल व यूएस नगर में बारिश का रेड अलर्ट

हल्द्वानी। शहर में सोमवार सुबह से ही मूसलाधार बारिश का दौर जारी रहा। इसने पूरे शहर में जनजीवन को प्रभावित कर दिया। सुबह करीब 6 बजे शुरू हुई बारिश लगातार 6 घंटे तक जारी रही, इससे शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। मौसम विभाग ने नैनीताल व यूएस नगर जिले में आज बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग से मिले आकड़ों के अनुसार, शहर में सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक 97 एमएम बारिश दर्ज की गई। इस भारी बारिश के कारण शहर की प्रमुख सड़कों, जैसे बरेली रोड, तीनपानी और कालाढूंगी रोड समेत कई जगह पर पानी भर गया। शहर का अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा।

# धराली में 98 आपदा प्रभावित परिवारों को मिली पांच-पांच लाख की तत्कालिक सहायता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : प्रदेश सरकार द्वारा धराली में आपदा प्रभावित 98 परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए गए। गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश सिंह चौहान ने प्रभावितों को चेक वितरित किये।



गत 5 अगस्त को उत्तरकाशी एवं पौड़ी जनपदों में आई भीषण प्राकृतिक आपदा ने व्यापक तबाही मचाई थी। कई स्थानों पर भारी बारिश, भूस्खलन और मलबे के प्रवाह से घर पूरी तरह नष्ट हो गए, बुनियादी ढांचा क्षतिग्रस्त हुआ और प्रभावित परिवारों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ा। इस आपदा के तुरंत बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और सभी प्रभावित परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की तत्कालिक सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। इसी घोषणा के तहत सोमवार को धराली में 98 परिवारों को राहत राशि के चेक वितरित किए गए। इस सहायता का उद्देश्य पीड़ित परिवारों को पुनर्वास की दिशा में प्रारंभिक सहारा देना है, ताकि वे आपदा के बाद के कठिन दौर में अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सकें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह सहायता राहत प्रक्रिया का प्रारंभिक चरण है। भवनों, आवासों, होमस्टे, पशुधन और बागानों को हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए प्रदेश सरकार ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है, जो सात दिनों के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

इस रिपोर्ट के आधार पर एक व्यापक राहत एवं पुनर्वास पैकेज तैयार किया जाएगा, जिससे प्रभावितों को दीर्घकालिक सहयोग मिल सके। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोग मेरे परिवार के सदस्य हैं। इस कठिन समय में वह और प्रदेश सरकार प्रभावितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। पुनर्निर्माण और पुनर्वास कार्य को प्राथमिकता के साथ अंजाम दिया जाएगा, ताकि सभी प्रभावित जल्द से जल्द सामान्य जीवन की ओर लौट सकें।

### पनचक्की की जमीन को कराया कब्जा मुक्त

हल्द्वानी। वार्ड 60 गौजाजाली में मौजूद पनचक्की की भूमि पर सोमवार को कब्जा ले लिया गया है। प्रशासन, सिंचाई और निगम की संयुक्त टीम ने जमीन को कब्जा मुक्त कर निगम का बोर्ड लगाया। नगर निगम के अनुसार यहां पार्क का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। सरकारी भूमि पर कब्जा होने की शिकायत निगम में लगातार दर्ज हो रही है। वार्ड साठ गौजाजाली में मौजूद जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत मिलने पर सोमवार को प्रशासन, सिंचाई और नगर निगम की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान जमीन पर कब्जा मिला। इस जमीन को पूर्व में संचालित पनचक्की के बंद होने के बाद सिंचाई विभाग ने नगर निगम को हस्तांतरित किया है। निगम ने यहां मौजूद 190 स्क्वायर मीटर जमीन पर पार्क बनाना प्रस्तावित किया है। मौके पर निगम ने अपना कब्जा लेकर बोर्ड लगा दिया है। इसके अनुसार अब कब्जा करने की कोशिश करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस ने मलिन बस्ती न्याय यात्रा निकाली

देहरादून। महानगर कांग्रेस ने मलिन बस्ती न्याय यात्रा निकालकर उन्हें मालिकाना हक दिलाने की मांग की। कांग्रेसियों ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर हजारों घरों को बेघर करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में सोमवार को मलिन बस्ती न्याय यात्रा वार्ड 75 मुकील अहमद पार्षद के कार्यालय से शुरू होकर लोहिया नगर, वार्ड 74 से होते हुए लाल पुल से सत्तुवाली घाटी द्रोणपुरी से होते हुए गांधीधाम में संपन्न हुई। डॉ गोगी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही वो पार्टी है जो सभी वर्गों को का ख्याल रखती है और सबको साथ लेकर चलती है। कहा कि जब पूरा विपक्ष इंदिरा गांधी के खिलाफ खड़ा था तब उन्होंने देश की जनता को संबोधित करते हुए ये कहा था कि वो इंदिरा को हटाने की बात कर रहे हैं हम गरीबी हटाने की बात कर रहे हैं। कई मलिन बस्तियां ऐसी हैं जो इंदिरा गांधी के नाम पर बसी हुई हैं। आरोप लगाया कि ये मलिन बस्तियां भाजपा के लिए बोझ हैं पहले इन्हें मलिन बस्तियों को भाजपा वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करती रही। 2016 में कांग्रेस पार्टी ने इन मलिन बस्तियों को मालिकाना हक दिलाने का प्रयास किया था लेकिन भाजपा ने सरकार बनने पर इस मुद्दे को ठंडे बस्ते में डालने का कार्य किया है।

भाजपा की मंशा कभी भी सही नहीं थी यही वजह रही हर बार अध्यादेश लाकर इन बस्तियों को ग्रेस पीरियड प्रदान किया गया परंतु कभी भी समाधान नहीं निकाला। इवहीं, बैठक में यह तय किया गया है कि मलिन बस्तियों की बात को हम आगे बढ़ाएंगे और मलिन बस्ती में रह रही हमारे भाई बहनों के साथ कोई भी अन्याय नहीं होने देंगे। कांग्रेस पार्टी प्रदेश के आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति के साथ खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी।

## सीडीओ ने पैक्स कम्प्यूटराइज़ेशन की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

हरिद्वार। सचिव, सहकारिता, उत्तराखण्ड शासन द्वारा 11 अगस्त 2025 को दिए गए निर्देशों के क्रम में, मुख्य विकास अधिकारी महोदया, आकांक्षा कोण्डे ने विकास भवन स्थित सभागार में जनपद की पैक्स कम्प्यूटराइज़ेशन परियोजना की प्रगति की समीक्षा की।

समीक्षा बैठक के दौरान, सीडीओ ने जनपद में कम्प्यूटराइज़ेशन की धीमी प्रगति पर गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने जिला सहायक निबंधक, सहकारी समितियां, हरिद्वार को अगले दो दिनों के भीतर शेष 38 समितियों का जी.एल. मिलान पूरा करने का निर्देश दिया। इस कार्य में अपर जिला सहकारी अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए, सीडीओ ने निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का आदेश दिया। साथ ही, उन्होंने कार्य में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

सीडीओ ने उन समितियों – मोहनावाला, लालढांग, मौहम्मदपुर, जवाहरखान और लहबोली – के सिस्टम ऑडिट को भी तुरंत पूरा करने का निर्देश दिया, जिनका जी.एल. मिलान पहले ही हो चुका है। उन्होंने जिला सहायक निबंधक, हरिद्वार को दैनिक आधार पर पैक्स कम्प्यूटराइज़ेशन की प्रगति से अवगत कराने के लिए कहा। यह भी निर्णय लिया गया कि मुख्य विकास अधिकारी महोदया प्रत्येक दूसरे दिन पैक्स कम्प्यूटरीकरण की समीक्षा करेंगी, जिसमें जिला सहायक निबंधक प्रगति का प्रस्तुतीकरण देंगे।

### बंद घर का ताला तोड़कर नगदी और ज्वेलरी चोरी

विकासनगर। सहसपुर क्षेत्र के शेरपुर में चोरों ने एक बंद का ताला तोड़कर नगदी और लाखों की ज्वेलरी उड़ा दी। घटना के वक्त परिवार दादा की मौत पर अपने मूल घर मुजफ्फनगर गए थे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक मुकुंद माधव चंद्रचूड शर्मा श्रीम राम सेंटिनल स्कूल शेरपुर में स्टॉफ क्वार्टर में रहते हैं। वह दादा की मृत्यु होने पर मुजफ्फरनगर गए थे। माता–पिता पूर्व से ही मुजफ्फरनगर गए हुए थे। रविवार को जब वह वापस आए तो घर का सामान अस्त व्यस्त था। आलमारियां आधी खुली हुई थी। चोर घर से नगदी एवं सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए।

# चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर नहीं मिलेगी नई बसावट व नए निर्माण कार्य की अनुमति

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान राज्य में आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन, हिमस्खलन तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों को तत्काल चिन्हित किया जाए, ताकि संभावित खतरे से पहले ही सतर्कता बरती जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इन चिन्हित संवेदनशील स्थलों पर किसी भी प्रकार की नई बसावट या नए निर्माण कार्य की अनुमति नहीं दी जाएगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के प्राकृतिक जल स्त्रोतों और नदियों और नालों के किनारों पर किसी भी प्रकार का सरकारी या निजी निर्माण कार्य प्रतिबंधित रहेगा। इसके लिए सभी जिलाधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं तथा इनके क्रियान्वयन की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि इन निर्देशों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा से बचाव के लिए रोकथाम के उपायों को प्राथमिकता दी जाए और संवेदनशील क्षेत्रों में जनहित को ध्यान में रखते हुए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के.सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमान, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते और अपर सचिव बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

## चमोली में जिला पंचायत अध्यक्ष पद हेतु दो प्रत्याशियों ने किया नामांकन

चमोली : चमोली जिले में जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत प्रमुख सहित ज्येष्ठ और कनिष्ठ उप प्रमुख पदों के लिए कुल 60 प्रत्याशियों ने नामांकन कर लिया है। जिला पंचायत अध्यक्ष के पद के लिए दो प्रत्याशियों की ओर से नामांकन किया गया है। जबकि जिला पंचायत उपाध्यक्ष के लिए 4 प्रत्याशियों की ओर से नामांकन किया गया है। नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नामांकन पत्रों के जांच की प्रक्रिया चल रही है। चमोली जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए मटई वार्ड से जिला पंचायत सदस्य के रूप में विजयी हुए दौलत सिंह और उर्गम वार्ड से विजयी रमा राणा ने अपना नामांकन कराया है। जबकि जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर लक्ष्मण सिंह, जय प्रकाश पंवार, अनीता रावत और सुरेश कुमार की ओर से नामांकन किया गया है। जबकि जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर सुरेंद्र सिंह नेगी



के नामांकन पत्र में प्रस्तावक के हस्ताक्षर व अनुमोदन का भी नाम पता व हस्ताक्षर न होने पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश ने सुरेंद्र सिंह का नामांकन रद्द कर दिया है। वहीं जनपद के नौ विकासखंडों में ब्लॉक प्रमुख पद के लिए कुल 19 प्रत्याशियों की ओर से नामांकन किया गया है। ऐसे में दशोली, गैरसैंण, नारायणबगड़, ज्योतिर्मठ, थराली, कर्णप्रयाग, पोखरी और नंदानगर ब्लॉक प्रमुख पद के लिए 2-2 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। जबकि देवाल में 4 प्रत्याशियों के नामांकन प्राप्त हुआ है। वहीं ज्येष्ठ उप प्रमुख पद के लिए 9 विकासखंडों में कुल 17 प्रत्याशियों के नामांकन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से पोखरी, गैरसैंण, दशोली, नारायणबगड़, ज्योतिर्मठ, देवाल, कर्णप्रयाग और नंदानगर में दो-दो प्रत्याशियों की ओर से नामांकन किया गया है। वहीं थराली में 1 प्रत्याशी की ओर से नामांकन किया गया है। इसी क्रम में नौ विकास खंडों में कनिष्ठ उप प्रमुख पद के लिए कुल 17 नामांकन किए गए हैं। जिनमें से गैरसैंण, दशोली, नारायणबगड़, ज्योतिर्मठ, देवाल और कर्णप्रयाग से 2-2 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। जबकि पोखरी में 3 व थराली और नंदानगर से कनिष्ठ उप प्रमुख पद के लिए 1-1 नामांकन प्राप्त हुआ है। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि जनपद में जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के साथ ही क्षेत्र पंचायत प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख और कनिष्ठ उप प्रमुखों के नामांकन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण रुप से पूर्ण कर ली गई है।

# जलभराव क्षेत्रों में तत्परता से पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए : डीएम

हरिद्वार। जनपद में हो रही भारी वर्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की तथा तहसील मुख्यालय एवं ब्लॉक मुख्यालय के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक से जुड़े रहें। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों, तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में अलर्ट रहे तथा किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है तो ऐसे क्षेत्रों में जल निकासी के लिए तत्परता से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ये भी निर्देश दिए है कि भारी वर्षा के कारण कोई सड़क मार्ग अगर अवरुद्ध एवं क्षतिग्रस्त हो जाता है तो उसको आवाजाही हेतु तत्काल सुचारू किया



जाए। जिलाधिकारी ने पतंजलि फेस 1 के समीप हो रहे जलभराव की निकासी के लिए संयुक्त मजिस्ट्रेट रुड़की को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग,पंचायती राज एवं बाल विकास सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भारी वर्षा के कारण यदि कोई स्कूल भवन, आंगनवाड़ी केंद्र,पंचायत घर एवं उनके अधीन संचालित कोई परियोजना क्षतिग्रस्त हो जाती है तो उसपर व्यय होने वाली धनराशि का आंकलन प्रस्ताव तत्परता से जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

## ब्लॉक प्रमुख चुनाव : विकासनगर में निर्विरोध निर्वाचन, तीन ब्लॉक में होगा मतदान

विकासनगर। पछुवादून के चारों ब्लॉक मुख्यालयों में सोमवार को ब्लॉक प्रमुख के लिए नामांकन की गहमा गहमी बनी रही। प्रत्याशियों ने अपने–अपने मुहूर्त के अनुसार नामांकन दाखिल किया। विकासनगर ब्लॉक में प्रमुख समेत तीनों पदों पर भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए, जबकि तीन ब्लॉकों में दो–दो पैनल आमने सामने हैं। शाम पांच बजे तक नामांकन पत्रों की जांच के बाद सभी उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए गए। मंगलवार को नाम वापसी होगी, जबकि गुरुवार को मतदान के बाद शाम को मतगणना की जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अब आखिरी चरण में पहुंच गया है, लेकिन आखिरी चरण का रोमांच हर दिन बढ़ता जा रहा है। हालांकि विकासनगर ब्लॉक में भाजपा ने नामांकन के दिन ही जीत का परचम लहरा दिया।

यहां से ब्लॉक प्रमुख पद पर भाजपा के नारायण ठाकुर, ज्येष्ठ उप प्रमुख पद पर गुलफाम अली और कनिष्ठ उप प्रमुख पद पर अनिल तोमर निविरोध निर्वाचित हो गए हैं। जबकि अन्य तीनों ब्लॉक में मतदान होगा। सहसपुर ब्लॉक में भाजपा की सीधी टक्कर निर्दलीय प्रत्याशियों से है।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी के घर हूई चोरी में दो दोस्त गिरफ्तार

हरिद्वार। बीएचईएल से सेवानिवृत्त कर्मचारी के घर दिनदहाड़े हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार लिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी के जेवरात और नकदी बरामद हुई है। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दोनों दोस्त जम्मू से हरिद्वार घूमने आए थे। रुपये खत्म होने पर उन्होंने चोरी की थी। रानीपुर मोड़ के समीप आवास विकास कॉलोनी विवेक विहार निवासी कृष्ण गोपाल बीएचईएल से सेवानिवृत्त हैं। रविवार सुबह वह अपनी पत्नी के साथ सत्संग में गए थे। कुछ देर बाद लौटे तो देखा कि घर के ताले टूटे पड़े हैं और अलमारी का सामान बिखरा हुआ है।

# जनसुनवाईः सात शिकायतें आई, केवल तीन का निस्तारण

हरिद्वार। जनपदवासियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में प्रत्येक सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जनपद में हो रही लगातार वर्षा के कारण आज जनसुनवाई कार्यक्रम में 07 लोगों द्वारा ही अपनी समस्याएं दर्ज कराई गई जिसमें 03 समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया शेष समस्याओं हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में कुंवरपाल सिंह निवासी सीतापुर ज्वालापुर हरिद्वार ने भूमि खाता सख्या 38 के खसरा नंबर 147 जो किं ग्राम माजरी परगना रुड़की खतौनी के दुरुस्त करने की मांग की गई। अशोक पॉल ग्राम ब्रह्मपूरी रावली महदूद ने अपनी जमीन पर किए जा रहे अवैध कब्जा व निर्माण



कार्य को रूकवाने के लिए आवश्यक करवाई की मांग की गई।

अजब सिंह ग्राम बाकरपुर तहसील लक्सर ने ट्यूबवेल लगाने के लिए विद्युत कनेक्शन हेतु विद्युत खंभे लगाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। नकली राम ग्राम रानी माजरा,ज्वालापुर ने अवैध खनन के कारण भूमि कटाव से हो रहे नुकसान के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के मांग की गई। राजकुमार एवं हरिनाम कटियार ने अपने आवेदन में अवगत कराया है कि 8 अगस्त को न्यू शॉपिंग कॉम्प्लेक्स शिवालिक नगर में जिला प्रशासन द्वारा हटाए गए अतिक्रमण के बाद पुनः ठेली लगाने वाले के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में शिकायती पत्र दिया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई में जनता द्वारा जो भी समस्याएं दर्ज कराई जा रही है उन समस्याओं को त्वरित एवं समयबद्धता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करे। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही एवं स्थिलता नहीं होनी चाहिए, स्थिलता बरती जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक करवाई सुनिश्चित की जाएगी,उन्होंने ये भी निर्देश दिए है कि जिन समस्याओं पर स्थलीय निरीक्षण मौका मुआयना किया जाना है ।

# आज रूद्रप्रयाग में निकाली जाएगी हर घर तिरंगा यात्रा

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक, जिलाधिकारी ने दिए दिशा-निर्देश

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : स्वतंत्रता दिवस 2025 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस को गरिमा के साथ मनाया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि 14 अगस्त को शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक सभी शासकीय भवनों को प्रकाशमय किया जाएगा। इस संबंध में नगर पालिका और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। 15



अगस्त को प्रातः 6 बजे से 11 बजे तक लाउडस्पीकर के माध्यम से देशभक्ति गीतों का प्रसारण किया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान के तहत 15 अगस्त को सभी गांवों और शहरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु कर्मचारियों, विद्यार्थियों और आमजन को प्रेरित किया जाएगा। विभिन्न विद्यालयों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी और प्रातः 9 बजे सभी शिक्षण संस्थानों एवं शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान होगा। ध्वजारोहण के बाद कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्य शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही 12 अगस्त को सुबह 9 बजे आर्मी बैंड के साथ गुलाबराय मैदान से हर घर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत, उपजिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला, उपजिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र सिंह बिष्ट, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेन्द्र बिष्ट, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत, परियोजना प्रबंधक रीप बी.के. भट्ट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोगावीर के चिन्हों को यमुना घाट पर कराया स्नान

विकासनगर। जनजातीय क्षेत्र जौनसार के कुछ गांवों में गोगा नवमी (गोगाड़) को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। जिसके लिए ग्रामीण सावन माह में गोगावीर के चिन्हों को स्नान कराने के लिए हरिपुर यमुना घाट पर ले जाते हैं। इसी कड़ी में सोमवार को अष्टी डाबरा गांव के ग्रामीण मुन्ना, किशयराम आदि ने गांव स्थित गोगावीर माडी से सुबह विधि विधान पूर्वक वीर के चिन्हों निशान (झंडा), शंख, त्रिशूल, करोड़ा, डमरू को बाहर निकालकर स्नान के लिए ले गए। जौनसार में 16 अगस्त को गोगाड़ (गोगा नवमी) मनाई जाएगी। जिसके लिए तैयारी जोरों पर चल रही है। क्षेत्र के सैंसा, उदपाल्टा, लोरली, अष्टाड़, लेल्टा, सुरेऊ तांगडी, कलेथा, लुहारवा, धिरोग, मलोग, लुंवाठा आदि गांवों में बड़े हर्षोल्लास के साथ गोगा नवमी पर्व को मनाया जाता है। क्षेत्र के अलग–अलग गांव गोगावीर के चिन्हों को सावन के महीने में अलग–अलग दिन गोगा नवमी के पहले दिन तक स्नान कराते हैं। मान्यता है कि गोगावीर की पूजा अर्चना करने से निसंतान दंपतियों को संतान प्राप्ति होती है। साथ ही गोगावीर किसानों के पशुधन की रक्षा करते हैं और कृषि में वृद्धि होती है। जिस कारण स्थानीय लोग गोगावीर की पूजा करते है। पर्व के दिन पूरी रात्रि को भजन कीर्तन कर लोग सुख–समृद्धि की कामना करते हैं। क्षेत्रीय लोगों धूमिया, धरमू, जितू आदि का कहना है कि पर्व के दिन वीरमाडी पर मीठे प्रसाद का वितरण किया जाता है और हर घर में विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए जाते हैं।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com